उज्जैन
गुरुवार
04
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-32
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



बिग बॉस -19 : शो के टॉप-5 की हुई अनाउंसमेंट मिड वीक एविक्शन में मालती चहर हुईं एविक्ट, 7 दिसंबर को होगा फिनाले

पेज- 8

## सावरकर मानहानि केस- राहुल गांधी की अर्जी पर सुनवाई



**पुणे।** पुणे की एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ वीर सावरकर के बारे में कथित टिप्पणी को लेकर चल रहे मानहानि केस की सुनवाई की। कोर्ट ने बुधवार को कहा कि राहुल ऐसे किसी आदेश पर कमेंट नहीं कर सकते जिसे उन्होंने ऊपरी अदालत में चैलेंज नहीं किया है। स्पेशल जज अमोल एस शिंदे ने कहा कि यदि राहुल गांधी को समन आदेश पर आपत्ति है तो उन्हें इसे ऊपरी अदालत में चुनौती देनी चाहिए। राहुल गांधी की ओर से वकील मिलिंद पवार ने समन जारी करने संबंधी पुराने आदेश पर सवाल उठाते हुए कोर्ट में अर्जी दी। इसमें कहा गया कि शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर ने 2023 में जो समन का आदेश लिया था, वह पक्के सबूतों के बिना और दबाव बनाकर जल्दबाजी में हासिल किया गया था।

## गर्भवती महिला और आठ वर्षीय बेटे को वापस लाने पर केंद्र और सुप्रीम कोर्ट सहमत

**नई दिल्ली।** बुधवार का दिन एक संवेदनशील और लंबे समय से उलझे मामले के समाधान की दिशा में अहम साबित हुआ, जब सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद केंद्र सरकार ने यह स्वीकार किया कि वह गर्भवती महिला सुनाली खातून और उसके आठ वर्षीय बेटे को बांग्लादेश से वापस लाएगी। यह निर्णय पूरी तरह से मानवीय आधार पर लिया गया है। महीनों पहले अचानक की गई उनकी गिरफ्तारी और निर्वासन के बाद परिवार टूट चुका था और पिता भदू शेख अपनी बेटी और नाती की वापसी के लिए लगातार अदालतों के दरवाजे खटखटा रहे थे। सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि एक गर्भवती महिला और उसके छोटे बच्चे को परिवार से दूर रखना मानवीय दृष्टि से उचित नहीं है।

## आसिम मुनीर कट्टरपंथी, इस्लाम न मानने वालों से लड़ते हैं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खानुम ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर को इस्लामी कट्टरपंथी और रूढ़िवादी बताया। उन्होंने बुधवार को स्काई न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि मुनीर ऐसे लोगों से लड़ना चाहते हैं जो इस्लाम में विश्वास नहीं रखते। अलीमा से जब मई में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सीधे तौर पर आसिम मुनीर पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुनीर अपनी कट्टरपंथी सोच की वजह से भारत के साथ युद्ध करना चाहते हैं। अलीमा ने अपने भाई इमरान खान को लिबरल बताया।

## पाकिस्तानी जेट गिराने वाला रूसी एस-400 खरीद सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने रात करीब 1:05 बजे पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। भारतीय वायुसेना ने सटीक हमला करते हुए पाक में मौजूद कुल 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना इसके लिए पूरी तरह तैयार थी। भारत के रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने कई पाकिस्तानी जेट्स मार गिराए। भारत अब रूस से और ज्यादा एस-400 और इसके अपडेट वर्जन एस-500 को खरीदने को लेकर डील कर सकता है। दरअसल, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन आज 4 साल बाद भारत आ रहे हैं।

### इंदौर-उज्जैन प्रस्तावित नए ग्रीनफील्ड रोड के विरोध में किसानों ने प्रशासन के प्रस्ताव को ठुकराया

# रोड नीचा मुआवजा ऊंचा तो ही रोड बनेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रस्तावित इंदौर-उज्जैन ग्रीनफिल्ड रोड पर संकट के बादल गहरा गए हैं। किसानों ने प्रशासन के प्रस्ताव को ठुकराकर संघर्ष का बिगुल बजा दिया है। किसानों की बैठक में साफ तौर पर कहा गया है कि रोड़ नीचा और मुआवजा ऊंचा हुआ तो ही यह रोड अस्तित्व में आ पाएगी। किसानों ने आंदोलन की रणनीति तैयार कर ली है। 17 दिसंबर को इसके लिए वाहन रैली का आयोजन करते हुए एमपीआरडीसी गो बैक के काले झंडे दिखाने की तैयारी है।

किसान संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा ग्राम चांदमुख में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रशासन द्वारा मुआवजे को लेकर दिए गए प्रस्ताव की सामूहिक चर्चा हुई और सभी सदस्यों ने एक मत से प्रशासनिक प्रस्ताव जिसमें 12 लाख से 22 लाख रु बीघा मुआवजे को अस्वीकार किया तथा समिति के द्वारा प्रशासन को दिए गए अपने दोनों प्रस्ताव रोड़ नीचा मुआवजा ऊंचा को मानने के उपरांत ही रोड बनाने देने का निर्णय लिया। किसानों ने साफ कहा कि अगर किसानों को बाजार भाव का चार गुना मुआवजा और रोड़ की हाइट कम नहीं की तो एमपीआरडीसी अपने बोरे बिस्तर बांध लें।



## एमपीआरडीसी गो बैक के काले झंडे के साथ 17 को वाहन रैली

### क्षेत्र से रैली एमपीआरडीसी कार्यालय तक

समिति सदस्य मिथुन पटेल ने एक वाहन रैली आयोजित करने का सुझाव रखा एवं अर्जुन चौधरी व मनोज आँजना ने रैली को एमपीआरडीसी के कार्यालय तक ले जाने एवं वहाँ पर एक ज्ञापन के माध्यम से समिति की प्रमुख मांगों को अधिकारियों को अवगत करवाने की बात कही। इसे लेकर 17 दिसंबर को रैली निकालना नियत किया गया है।

### प्रभावित सात गांव घुमेगी रैली

इस रैली में किसान काले झंडे जिन पर एम पी आर डी सी गो बैक लिखा होगा लेकर निकलेंगे। यह रैली गांव लिंबा पिपलिया से शुरू होकर गोंदिया, हासामपुरा, पालखेड़ी, चांदमुख, दाऊद खेड़ी, चिंतामन जवासिया होकर एम पी आर डी सी कार्यालय पर अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

### अधिकारी बोले वचन पर कायम नहीं

किसान संघर्ष समिति के राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि एम पी आर डी सी के अधिकारियों ने प्रभावित गांवों की पंचायत में धारा 4 की ग्राम सभा कार्यवाही में इस सड़क के बनने से किसानों को विकास के बड़े बड़े सपने दिखाए गए थे, किसान बची हुई जमीन में व्यापार व्यवसाय कर सकेंगे, क्षेत्र में किसानों को रोजगार के अवसर मिलेंगे लेकिन अपने वचन से काम अधिकारी उल्टा कर रहे हैं। एमपीआरडीसी के अधिकारी गगन भाभर समाचार पत्रों में रोड़ को वी आई पी आवागमन का मार्ग बता रहे हैं। रोड़ इतनी ऊंचाई पर बनाया जा रहा है कि बड़ा ट्रैफिक ऊपर से निकल जाएगा। हमारा मन समझाने के लिए सर्विस रोड का झुनझुना पकड़ा दिया। किसानों की तीन फसलीय 1400 बीघा जमीन वीआईपी मार्ग बनाने पर सरकार आमादा है हम इसका विरोध करते हैं।

## अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश

### जमीन से टकराते ही आग लगी, कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका में गुरुवार को वर एयरफोर्स का एक एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे से कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई। हादसा लोकल टाइम के मुताबिक सुबह करीब 10:45 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया में ट्रॉना शहर के एक रेगिस्तान में हुआ। विमान ट्रॉना एयरपोर्ट से करीब तीन किलोमीटर दूर गिरा। एयरपोर्ट मैनेजर ने बताया कि इस इलाके में अक्सर मिलिट्री विमान उड़ते रहते हैं।

## आज की तारीख में एक चौथाई से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन

### आंगनबाड़ी केंद्रों को खुद के भवनों में संचालित करने के साथ ही प्ले स्कूल में बदलने की योजना बनाई थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश भर में आज की तारीख में एक चौथाई से ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है अर्थात इनका संचालन तो हो रहा है लेकिन किराये के भवनों में। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केन्द्रों को खुद के भवनों में संचालित करने के सथ ही इन्हें प्ले स्कूलों में बदलने की योजना थी लेकिन ये योजना फिलहाल ठंडे बस्ते में ही है।

उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश भर में नौनिहाल अब भी किराये के आंगन में खेलने व पढने. को मजबूर हैं। दरअसल प्रदेश के 55 जिलों में 26 हजार 583 आंगनबाड़ी केंद्र किराए के घरों में संचालित किए जा रहे हैं। इनमें व्यवस्थाएं भले आधी-अधूरी हों, लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग को तीन से चार



हजार रुपये किराया प्रतिमाह चुकाना पड़ता है। इसकी वजह यह है कि विभाग के पास केंद्र संचालित करने के लिए खुद के भवन नहीं हैं। उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश भर में 55 जिलों में कुल 97,791 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 26,583 आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं। वहीं 37,500 केंद्र बिजली विहीन हैं। यानी प्रदेश में आज की तारीख में एक चौथाई से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं।

### ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतर किराये के भवनों की स्थिति ठीक नहीं

महिला-बाल विकास के अधिकारियों का कहना है कि विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बारे में जानकारी एकत्रित की, तो सामने आया कि किराये के कई भवनों का आकार छोटा होने से बच्चे इनमें ठीक से बैठ नहीं पाते। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतर किराये के भवनों की स्थिति ठीक नहीं है। इसे देखते हुए विभाग ने नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की योजना की तैयार की है। विभाग के कई आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों की स्थिति ठीक नहीं है, उनके रेनोवेशन की जरूरत है। महिला-बाल विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लागत ज्यादा होने के कारण एक साथ सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण करना संभव नहीं है, इसलिए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

## 10 हजार की शर्त के लिए कोबरा से कटवाया, मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ सहारनपुर

सहारनपुर में 10 हजार रुपए के लिए कोबरा से कटवाने वाले युवक सिकंदर नाथ (34) की मौत हो गई। वह सड़क किनारे जड़ी-बूटी बेचने का काम करता था। दावा करता था कि उसके पास ऐसी जड़ी-बूटी है, जिससे सांप के काटने का भी असर नहीं होगा। इसे लेकर उसकी कुछ लोगों से बहस हो गई। उन्होंने सिकंदर नाथ को कोबरा से कटवाकर अपनी बात साबित करने को कहा।

उन लोगों ने ऐसा करने पर सिकंदर नाथ को 10 हजार रुपए देने की बात भी कही। सिकंदर तैयार हो गया। लोगों ने मना भी किया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद सिकंदर ने हाथ की उंगली में सांप से कटवा लिया। शर्त लगाने वाले लोग वीडियो बनाते रहे। कुछ देर बाद ही सिकंदर की तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मामला 10-11 नवंबर का है। लेकिन, जब कल (बुधवार) सिकंदर के परिवार वाले पुलिस कार्यालय पहुंचे तब मामले का खुलासा हुआ।



# दिव्यांग बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति





## दैनिक अवंतिका संपादक ने किया शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर स्थानीय कास्मास मॉल पर आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रंगारंग प्रस्तुति दीं। प्रारंभ में अतिथि दैनिक अवन्तिका के संपादक संदीप मेहता, एक्साइज सुपरिटेंडेंट ऋषि तिवारी व अभिनेता आशीष पेंडसे ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सितारे जमीं पर फिल्म के अभिनेता आशीष पेंडसे जो स्वयं क्रोमोजोम्स डिसआर्डर से ग्रसित हैं ने अपनी भावपूर्ण कविताओं और डायलाग्स से सभी का मन मोह लिया। अपने उद्बोधन मे आशीष ने कहा कि दिव्यांगता कमजोरी नहीं है अपितु ये एक चुनौती है। दिव्यांगजन अपनी छुपी हुई प्रतिभा को पहचाने और कठोर परिश्रम से उस प्रतिभा के बल पर स्वयं की छाप समाज पर अंकित करें। आगंतुक अतिथियों का स्वागत मनोविकास स्पेशल स्कूल के फादर टॉम जार्ज ने पौधे भेंट करके किया। इस अवसर पर दिव्यांग जनो के मार्गदर्शन की पुस्तिका का विमोचन अतिथियों ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत राजस्थानी स्वागत नृत्य से हुआ। प्रेमसागर स्पेशल स्कूल के बधिर बच्चों ने जब काला चश्मा गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया तो पूरा स्थल करतल ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम मे शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक शशांक शुक्ला व पं राहुल शुक्ल का सम्मान किया गया। अंत मे आभार मनोविकास की अकादमिक हैड डॉ प्रेम छाबड़ा ने व्यक्त किया।

## खबर एक नजर...

### राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस मनाया, अभिभाषक दुग्गड़ का सम्मान

**उज्जैन।** विधि एवं शोध केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष 3 दिसंबर को राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्था द्वारा संस्थापक अध्यक्ष गुरु प्रसाद जोशी अभिभाषक की स्मृति में नगर के वरिष्ठतम अभिभाषक का सम्मान किया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को परंपरानुसार नगर के ख्यात और वरिष्ठतम अभिभाषक मदनलाल दुग्गड़ का उनके निवास पर जाकर संस्था सदस्यों और पदाधिकारियों ने शाल-श्रीफल भेंटकर पुष्प माला से बहुमान किया। इस अवसर पर दुग्गड़ ने अपने 60 वर्षीय वकालत के अनुभव साझा किए। साथ ही विधि के बारे में अन्य जानकारियां प्रदान की। विधि अध्ययन एवं शोध केंद्र के निदेशक अभिभाषक नितिन जोशी ने बताया वरिष्ठतम अभिभाषकों का सम्मान कर उनसे प्रेरणा लेकर नैतिकता पूर्वक कार्य करने की भावना जागृत होती है। इस अवसर पर मंडल अभिभाषक संघ अध्यक्ष ओम सारवान, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी, दिनेश पंड्या, राजेश जोशी, योगेश व्यास, बाबूलाल मारोठिया, आशीष सोलंकी, मुकेश जैन, अखलाक अहमद कुरेशी, समीर डिप्टी, लोकेंद्र मेहता, प्रवीण कुमेरिया, संजू परमार, घनश्याम बारोट, सुनील जोशी सहित संस्था के सदस्य मौजूद थे।

### बंबाखाना व्यापारिक संघ के चुनाव में शर्मा अध्यक्ष जैन सचिव निर्वाचित

**उज्जैन।** शहर के व्यस्ततम व्यवसायिक क्षेत्र बंबाखाना व्यापारिक संघ के तीन वर्षीय चुनाव हुए। इसमें अध्यक्ष वरुण शर्मा, सभापति अशोक माहेश्वरी, महासचिव कपिल कटारिया, उपाध्यक्ष विमल चौरड़िया, माधव दांतवानी, मनोज आलवानी, सचिव मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष विजय पाटोदी, सह सचिव बाबूलाल नामदेव, प्रवक्ता हेमंत पावेचा निर्वाचित हुए। संरक्षक बबलू यादव और रवि राय को बनाया गया।

### महादेव का 11 ब्राह्मणों ने किया रुद्राभिषेक

**उज्जैन।** पिपलीनाका स्थित 84 महादेव में 54वें क्रम पर विराजमान नीलकंठेश्वर महादेव का भौमप्रदोष पर्व पर पूजन वेदाचार्य पंडित सपन व्यास के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मणों ने किया। गोधूलि बेला में महादेव का औषधियों, अनार आदि फल रस, पंचामृत, पुष्पों के रस,अभ्यंग स्नान, तीर्थों के जल से रुद्राभिषेक किया गया। ढोल-नागाड़ों के साथ आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पं. देवेंद्र प्रताप व्यास रामायण पाठी सहित शिव भक्तों ने दर्शन, पूजन का लाभ लिया।

**दिव्यांग कलाकारों ने व्हीलचेयर से रथ बनाकर दी प्रस्तुति**

## गीता ऑन व्हील्स में बैसाखियों को धनुष बनाकर मंचन किया, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गीता जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतिम दिन दर्शकों ने दिव्यांग कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस मौके पर बैंगलोर के डॉ. पाशा सलाउद्दीन निर्देशित गीता ऑन व्हील्स और भोपाल के उमेश तरकसवार निर्देशित विश्व वंदनीय श्रीकृष्ण द म्युजिकल की प्रस्तुति हुई।



दिव्यांग कलाकारों ने अपनी व्हीलचेयर को रथ और बैसाखियों को धनुष के रूप में पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऐसा लग रहा था मानो उज्जैन का दशहरा मैदान कुरुक्षेत्र में बदल गया हो। मंच पर द्रोणाचार्य, भीष्म पितामह और श्रीकृष्ण की झलक देखने को मिली।

पहली प्रस्तुति विश्व वंदनीय श्रीकृष्ण द म्युजिकल की हुई। यह प्रस्तुति भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और भगवद गीता के उपदेशों पर आधारित थी। इसमें भातखंडे जी की पारंपरिक बंदिशों और शास्त्रीय रचनाओं जैसे सदा रंग और अदा रंग को नई धुनों के साथ पिरोया गया। संगीत एवं निर्देशन का कार्य उमेश तरकसवार ने किया।

## 30 से पहले रुद्रसागर से जलकुंभी हटाने का काम पूरा करें- आयुक्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बुधवार को नगर निगम अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रुद्रसागर से जलकुंभी हटाने के काम की समीक्षा की। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्थल पर पहुंचकर चल रहे सफाई अभियान का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 दिसंबर से पूर्व रुद्रसागर से जलकुंभी हटाने का काम पूरा कर लिया जाएं।

अपर आयुक्त संतोष टैगोर ने बताया कि नगर निगम द्वारा पिछले एक माह से लगातार रुद्रसागर क्षेत्र में जलकुंभी हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कुल 1 लाख 60 हजार वर्गमीटर क्षेत्र से जलकुंभी हटाई जानी है।



अभियान में जलकुंभी हटाने वाली मशीन, जेसीबी, डंपर तथा लगभग 45 कर्मचारियों की टीम कार्यरत है। अब तक करीब 1 लाख वर्गमीटर क्षेत्र से जलकुंभी हटाई जा चुकी है और शेष क्षेत्र से जलकुंभी हटाने का कार्य तेजी से जारी है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए मशीनों व जनशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं तथा प्रतिदिन प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएं।

**रेलवे पुलिस ने यात्रियों की सुरक्षा के लिये 'हमारी सवारी भरोसे वाली' अभियान के साथ पटरी की पाठशाला का शुभारंभ**

# क्यूआर कोड स्कैन करते ही आटो चालक की दिखेगी कुंडली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रेलवे पुलिस ने यात्रियों की सुरक्षा के लिये 'हमारी सवारी भरोसे वाली' अभियान के साथ पटरी की पाठशाला का बुधवार को शुभारंभ किया। अब यात्री आटो पर लगा क्यूआर कोड स्कैन कर चालक की कुंडली देख सकेगें और यात्रा शुरू करने का भरोसा कर सकेगें।

14 नवम्बर को रेल यात्रियों के लिये इंदौर में सुरक्षा, सुविधा, तकनीकी, पारदर्शिता और जनजागरूकता के 2 नवाचार की शुरूआत इंदौर जीआरपी द्वारा की गई थी। जिसे अब धार्मिक नगरी उज्जैन में शुरू कर दिया गया। बुधवार को दोनों नवाचार 'हमारी सवारी भरोसे वाली' और 'पटरी की पाठशाला' का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीआईजी नवनीत भसीन, उपपुलिस महानिरीक्षक रेलवे पंकज श्रीवास्तव की



मौजूदगी में किया गया। इस नई पहल के मौके पर इंदौर रेल पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल के साथ उपपुलिस अधीक्षक रेल ज्योति शर्मा के साथ पुलिस ट्रेनिंग सेंटर अधीक्षक मनीषा पाठक, लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक आनंद यादव, ईओडब्ल्यू पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, उज्जैन पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और जीआरपी प्रभारी अमित कुमार भावसार, आरपीएफ प्रभारी मौजूद थे।

### आटो चालको का किया गया वैरिफिकेशन

हमारी सवारी भरोसे वाली अभियान की शुरूआत करने से पहले जीआरपी की टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर से चलने वाले 350 से अधिक आटो चालको का वैरिफिकेशन करते हुए उनके मोबाइल नम्बर, नाम-पते, आटो संबंधित दस्तावेज, चालक के अपराधिक रिकार्ड की जानकारी एकत्रित की गई। जिसे क्यूआर कोड में दर्ज की गई। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान आटो पर क्यूआर कोड लगाया गया। देशभर से धार्मिक यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु अब आटो का सफर करने के दौरान क्यूआर कोड स्कैन कर सुरक्षित यात्रा का अनुभव कर सकेगें। जीआरपी के पास भी आटो चालकों की कुंडली रहेगी।

### रेलवे पटरियों के आसपास लगेगी पाठशाला

रेलवे पुलिस का दूसरा नवाचार अभियान पटरी की पाठशाला है। जिसमें पटरियों के आसपास बस्तियों में रहने वाले श्रमिक समुदाय के बच्चों, परिवारों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जायेगा। पटरियों के आसपास पाठशाला लगाकर रेलवे पुलिस रेलवे क्रांसिंग सुरक्षा, साइबर जागरूकता, नशामुक्ति, महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण संदेश सरल भाषा में समझाएगी। पटरी की पाठशाला कार्यक्रम अभियान के शुभारंभ पर हीरामिल की चाल के विद्यालयों के शिक्षक, मॉडल सेकेंडरी स्कूल ढांचा भवन तथा नैत्विक सोशल वेलफेयर सोसाइटी का विशेष योगदान रहा।

### उद्बोधन में बोले अधिकारी

यात्री सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारी सवारी, भरोसे वाली जैसी तकनीके विश्वास और सुरक्षा को नई ऊँचाई देंगी।

### नवनीत भसीन डीआईजी उज्जैन

रेलवे क्षेत्र में तकनीकी नवाचार समय की आवश्यकता है। क्यूआर आधारित सत्यापन प्रणाली यात्रियों को सुरक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह सेवा उपलब्ध कराएगी।

**पंकज श्रीवास्तव, उपपुलिस महानिरीक्षक रेलवे**

पटरी की पाठशाला जैसे अभियान बच्चों और महिलाओं में सुरक्षा के प्रति स्वाभाविक जागरूकता पैदा करते हैं। यह सामाजिक परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम है।

**मनीषा पाठक, पीटीएस पुलिस अधीक्षक**

जीआरपी का उद्देश्य तकनीक, जनभागीदारी और पारदर्शिता को केंद्र में रखकर यात्रियों की सुरक्षा को नई ऊँचाई देना है। आज जिस ऊर्जा के साथ दोनों अभियानों का शुभारंभ हुआ है, यह निश्चित रूप से पूरे रेलवे क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

**पद्म विलोचन शुक्ल, पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर**

उज्जैन
गुरुवार
04
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र

द्यूतं पुस्तकवाद्ये च नाटकेषु च सक्तिता।
स्त्रियस्तन्द्रा च निन्द्रा च विद्याविघ्नकराणि षट्।।

**अर्थः** जुआ, वाद्य, नाट्य (कहानी/फिल्म), महिलाओं (या पुरुषों) से लगाव, नींद और नींद झ्र ये सीखने में गड़बड़ी के छह रूप हैं।

## खबर एक नजर...

### महिला कांस्टेबल ने लगाई फांसी, डीआरपी लाईन में थी पदस्थ,अफसर जांच में जुटे

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम इलाके में रहने वाली एक महिला कांस्टेबल ने सुसाइड कर लिया। वह डीआरपी लाइन में पदस्थ थी। बुधवार देर रात जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घटना शुभम नगर की है। यहां रहने वाली प्रिया यादव ने अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना के बाद अफसर मौके पर पहुंचे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। प्रिया यादव डीआरपी लाइन में अपनी सेवा दे रही थीं। बताया जाता है कि पति की मौत के बाद उन्हें अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। पति की मृत्यु के बाद से ही वह तनाव में थीं।

### डबल चौकी में तेंदुए की हत्या में एक आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** पिछले दिनों डबल चौकी में तीन वर्षीय नर तेंदुए की हत्या और उसके क्षत-?विक्षत मिले शव के मामले में वन विभाग ने खुलासा किया है। मामले में दिनेश नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और उसके खेत से तेंदुए के काटे गए आगे के पंजे बरामद किए हैं। जांच में खुलासा हुआ कि तेंदुए की मौत क्लच वायर फंदे में फंसने से हुई है। इसे आरोपी दिनेश ने जंगली सूअर पकड़ने के लिए लगाया था। फंदा कसते-कसते तेंदुए को गंभीर चोट पहुंची और ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई। डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि आरोपी आदतन है और जंगली सूअर का इसी तरह शिकार करता है जिसके लिए अक्सर ऐसे फंदे लगाता रहता है। मामले में तब मोड़ आया जब ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी के नाबालिग बेटे के मोबाइल में फंसे हुए तेंदुए का वीडियो है। वीडियो में तेंदुआ फंदे में जिंदा दिख रहा था और उसके सभी अंग सलामत थे। वीडियो से यह भी खुलासा हुआ कि जिस जगह शव मिला, वहां उसकी मौत नहीं हुई थी। वन विभाग का डॉग स्क्वाड जहां तेंदुआ मृत मिला था वहां से सीधे गढ़ी स्थित आरोपी के घर के पास पहुंचा तो विभागा का शक गहरा गया। यहां आरोपी दिनेश की घर की तलाशी ली तो घर से कुल्हाड़ी, पेचकस, प्लायर और एयरगन आदि जब्त किए जिनका उपयोग तेंदुए के अंग काटने में किया गया था।

### इंदौर की पूजा गर्ग को राष्ट्रीय पुरस्कार

**इंदौर।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के मौके पर इंदौर को बुधवार को एक बड़ी उपलब्धि मिली। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर की बेटी, अंतरराष्ट्रीय पैरा-एथलीट, कैंसर सर्वाइवर और सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत पूजा गर्ग को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। पूजा गर्ग ने कठिन चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए वैश्विक स्तर पर अपने साहस, प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश और मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। उनका संघर्ष, जुझारूपन और समाज सेवा के प्रति समर्पण उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा का अद्वितीय उदाहरण बनाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूजा गर्ग को वर्ष 2025 के लिए 'श्रेष्ठ दिव्यांगजन' पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी। उन्होंने पूजा के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की है। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के मौके पर पैरा एथलीट पूजा गर्ग को नई दिल्ली में यह पुरस्कार दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर की बेटी पूजा ने नाथुला दर्रे पर तिरंगा फहराने वाली विश्व की पहली महिला होने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मध्यप्रदेश को उन पर गर्व है। राज्य सरकार खेलों और खिलाड़ियों को भरपूर प्रोत्साहन दे रही है।

# कनाड़िया रोडः अतिक्रमण हटाने गई निगम की टीम पर कब्जेधारियों ने किया हमला, मारपीट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

कनाड़िया रोड पर बंगाली चौराहा से भंडारी रिसॉर्ट तक लग रही अवैध सब्जी मंडी व अन्य कब्जे हटाने पहुंची निगम की रिमूवल टीम को बुधवार को विरोध का सामना करना पड़ा। कब्जेधारियों ने कहा कि कार्रवाई से पहले न कोई सूचना दी, न नोटिस। कर्मचारियों ने ठेले जब्त कर ट्रक में रखना शुरू किया तो विक्रेताओं ने ट्रक को घेर लिया और हंगामा बढ़ गया।

देखते ही देखते कब्जेधारियों ने निगम कर्मियों से हाथापाई व मारपीट कर दी। मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया। देर रात निगम ने मारपीट करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराई। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने सड़क और फुटपाथ पर लगे 40 स्थायी लोहे के व 70 से अधिक अस्थायी व लकड़ी के होर्डिंग हटाए। टीम ने 10 ट्रक से ज्यादा अतिक्रमण सामग्री जब्त की। दरअसल, कनाड़िया क्षेत्र में ही बुधवार सुबह निगमायुक्त दिलीप यादव ने निरीक्षण किया था। इसके बाद सहायक रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे टीम के साथ कनाड़िया क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने पहुंचे। इस दौरान सब्जी विक्रेता एकजुट होकर विरोध करने लगे और आरोप लगाया कि कार्रवाई से पहले निगम ने कोई सूचना नहीं दी। इसी दौरान कुछ लोगों ने कल्याणे से धक्का-मुक्की भी की। कनाड़िया क्षेत्र में बंगाली चौराहे से वैभव नगर के बीच सड़क पर लगने वाली इस सब्जी मंडी के कारण यहां बार-बार ट्रैफिक जाम हो रहा है। नगर निगम ने इस घटना में थाना कनाड़िया में केस दर्ज कराया है। बबलू कल्याणे की रिपोर्ट पर पुलिस ने गजक दुकान संचालक राकेश जोशी और उदय जोशी के खिलाफ केस दर्ज किया है।



- 40 लोहे के स्थायी होर्डिंग्स हटाए फुटपाथ से
- 70 से ज्यादा लकड़ी के अस्थायी स्टैंड हटाए
- 10 ट्रक से ज्यादा अतिक्रमण सामग्री जब्त की
- 60 से ज्यादा अवैध ठेले-गुमटियां हटाईं
- इससे पहले भी अतिक्रमण हटाने के दौरान हो चुके विवाद
- दिसंबर 2024 में अवैध बाड़े हटाने गई टीम पर हमला किया था और पत्थर फेंके थे।
- अगस्त 2025 में टावर चौराहे के पास व्यापारी ने एक कर्मचारी को थप्पड़ मारा, जिसके बाद निगम टीम ने व्यापारी की पिटाई कर दी। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दी।
- जुलाई 2024 में फल व्यापारियों और निगमकर्मियों के बीच भी जमकर मारपीट हुई थी और एफआईआर दर्ज हुई थी।
- विजयनगर की मेघदूत चौपाटी पर 2024 में एक युवती ने रिमूवल अधिकारी को थप्पड़ मारा था और उसके खिलाफ केस दर्ज हुआ।
- 2023 में ही जंजीरवाला चौराहा से मालवा मिल तक अतिक्रमण हटाने गई टीम पर रहवासियों ने हमला कर दिया था। टीम को बिना कार्रवाई लौटना पड़ा था। रहवासियों ने पथराव कर दिया। इसके बाद कर्मचारी साउथ तुकोगंज थाने पहुंचे। वहां शिकायत दर्ज करवाई और पुलिस बल के साथ दोबारा उसी जगह पर कार्रवाई के लिए पहुंचे।

### रणजीत हनुमान मंदिर की प्रभातफेरी में ड्रोन-सीसीटीवी से होगी निगरानी

## रास्ते में किसी भी शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

रणजीत अष्टमी पर यानी 12 दिसंबर को रणजीत हनुमान मंदिर से विशाल प्रभातफेरी निकलेगी। इसे लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, मंदिर प्रबंधन के पदाधिकारियों और मंदिर के पुजारियों के साथ मीटिंग की। जिसमें कई बातों पर डिस्कशन हुआ। इसमें मुख्य रूप से प्रभातफेरी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्णय लिए गए।

9 दिसंबर से इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर में चार दिवसीय आयोजन की शुरूआत होगी। 12 दिसंबर को मंदिर से सुबह 5 बजे विशाल प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इस प्रभातफेरी में लाखों भक्त शामिल होते हैं। बाबा



रणजीत विशेष स्वर्ण रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलते हैं। इस आयोजन को लेकर सभी तैयारियां भी पूरी हो चुकी है। कलेक्टर ने आयोजन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि आयोजन के दौरान ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। श्रद्धालुओं को सभी तरह ही सुविधाएं रहें। सुरक्षा के भी पूरी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। मीटिंग में तय किया गया है कि प्रभातफेरी के रास्ते में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। शराब पीकर आने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभातफेरी मार्ग पर किसी भी तरह के शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से प्रभातफेरी में निगरानी रखी जाएगी। एक कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। इसके साथ ही मुख्य मार्ग पर बेरिकेडिंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। मीटिंग में ये भी तय किया गया है कि प्रभातफेरी में जिन लोगों को मंच लगाना है, उसके लिए पुलिस से अनुमति लेना होगी। प्रभातफेरी मार्ग में लगने वाले मंच का साइज भी निर्धारित किया गया है। इसमें मंच की चौड़ाई अधिकतम 8 फीट रखना होगी। आवश्यकतानुसार विद्युत मंडल से विद्युत कनेक्शन लेना होगा। बैठक में विद्युत सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही, मंच पर या आसपास किसी भी तरह के प्रसाद का निर्माण करने की अनुमति नहीं होगी।

### डीआरपी लाइन में 3 सवारी बनकर शराब के लिए प्रेरित करने का बनाया वीडियो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में अफसर जहां अनुशासन का पाठ पढ़ा रहे हैं, वहीं कुछ सिपाही सोशल मीडिया पर उसकी खुलकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। डीआरपी लाइन से सामने आया ताजा मामला इसका बड़ा उदाहरण है।

एक पुलिसकर्मी ने वीडियो बनाया, जिसमें बिना हेलमेट बाइक पर तीन सवारी बैठी है। ये वीडियो शराब पीने के लिए प्रेरित करने वाला है। पुलिसकर्मी ने इसे अपने लाखों फॉलोअर्स वाले अकाउंट पर अपलोड कर दिया। पुलिस लाइन इंदौर का यह वीडियो जयवीर सिकरवार ने अपने अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में वह अपने पुलिसकर्मी दोस्त कुलदीप और अन्य साथियों के साथ दिखाई देते हैं। जयवीर इसी वीडियो में डीआरपी लाइन में पैदल जाता है, जहां कुलदीप और बाइक पर बैठा दूसरा पुलिसकर्मी उसे रोकता है। इसके बाद वे शराब की बोतल दिखाकर उसे साथ चलने के लिए प्रेरित कहते हैं। जयवीर और कुलदीप बीडीएस और डॉग स्क्वॉड में सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में पुलिस परिसर में इस तरह के वीडियो बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर डालना नियम के विरुद्ध है। जबकि जयवीर सिकरवार के 4 लाख 46 हजार फॉलोअर्स हैं और उनके वीडियो पसंद भी किए जाते हैं, लेकिन इस तरह के वीडियो विभाग की छवि धूमिल कर रहे हैं।


# जिला प्रशासन की कार्रवाई : 2500 किलो मसाला किया जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के पालदा क्षेत्र में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की। खाद्य विभाग की टीम ने यहां से 2500 किलो मसाला जब्त किया साथ ही यहां पर पैकिंग और बेचने को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया।

दरअसल, जिला प्रशासन की खाद्य विभाग की टीम जयदेव इंटरप्राइजेज, पालदा में अचानक दौरा करने पहुंची। परिसर में प्रतिष्ठान प्रभारी शशिकांत गुप्ता और फर्म की प्रोपराइटर उनकी पत्नी अर्चना गुप्ता मिली। यहां पर खाद्य कारोबार के वर्तमान पते का वैध खाद्य लाइसेंस लिए बिना ही री-पैकिंग का काम किया जा रहा था।

परिसर में पैक किए जा रहे धनिया और मिर्ची पाउडर के पैकेट के लेबल



पर निर्माण के 2 एड्रेस लिखे मिले। परिसर में हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और मिर्ची पाउडर के कुल 6 सैंपल लिए और बाकी 2500 किलोग्राम मसाला जब्त किया गया। यहां पर टीम ने वैध लाइसेंस नहीं होने के कारण मसालों की पैकिंग और बेचने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए उसे बंद कराया गया।

वहीं दूसरी कार्रवाई में थंडर पाइंट एवं जूस बार इंद्रपुरी से टोमाटो कैचअप, डॉ ममता रसोई से आटा, चावल और बनी हुई सब्जी, ग्वालियर हाउस इंद्रपुरी से मसाला सैंडविच, मेयोनीज एवं सोयाबीन तेल, गुपचुप कैफे इंद्रपुरी से पनीर, मोमोज और मैदे के सैंपल लिए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि लोगों को शुद्ध ए?वं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इधर, लिए गए सैंपलों को विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षा लैब भोपाल भेजा जा रहा है। जिनकी रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के साथ जागरूकता और प्रशिक्षण प्रोग्राम भी किए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग, इन्दौर द्वारा चलित लैब के माध्यम से बुधवार को इन्द्रपुरी एवं भंवरकुआ क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की जांच के साथ-साथ खाद्य कारोबार करने वालों के लिए अवेयरनेस एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें फूड हैंडलर्स को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य पदार्थों के उचित रखरखाव के संबंध में जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच के आसान घरेलू तरीके बताए गए।

## खबर एक नजर...

### विक्रम अवॉर्डी मुन्नालाल मामोडिया खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स में तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन में कार्यरत मुन्नालाल मामोडिया (विक्रम अवॉर्डी) खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स 2025 जयपुर में तकनीकी अधिकारी नियुक्त हुए।

राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय निर्णायक मुन्नालाल मामोडिया का चयन जयपुर में आयोजित हो रही खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स में मल्लखंब खेल के तकनीकि अधिकारी के रूप में हुआ है। यह मल्लखंब की प्रतियोगिता 1 से 5 दिसम्बर तक जयपुर राजस्थान में आयोजित हो रही है। श्री मामोडिया पूर्व में भी नेशनल गेम्स, खेलों इंडिया एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके है। इनकी इस उपलब्धि पर सहकारिता विभाग के कमिश्नर के. पाटनकर, मल्लखंब संघ के अध्यक्ष सोनू गहलोत, विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित मोहनलाल धाकड़ एवं दिलीप असरानी (एससीआई) और पूरे सहकारिता परिवार ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी एवं इनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी विभाग के स्टेनो अशोक चौहान द्वारा दी गई।

### जिमी आँजना जाधव लंदन में लेंगी जिमनास्टिक ट्रेनिंग कैंप

**उज्जैन।** उज्जैन की जिमनास्टिक कोच जिमी आँजना जाधव लंदन, इंग्लैंड में एक महीने का विशेष इंटरनेशनल जिमनास्टिक ट्रेनिंग कैंप संचालित करेंगी। यह कैंप आगामी सप्ताह से शुरू होगा। जिमी को इस ट्रेनिंग कैंप में शामिल होने के लिए जिमनास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नियुक्त किया गया है।

पश्चिम रेलवे के पूर्व मुख्य प्रशिक्षक सुनिल जाधव ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय कैंप विश्वस्तरीय कोचिंग तकनीकों और नवीनतम ट्रेनिंग मॉड्यूल के लिए जाना जाता है, जिसमें भारत से चुने गए शीर्ष कोच एवं श्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्थान मिलता है। कोच जिमी वर्तमान में दिल्ली के इंदिरा गाँधी स्टेडियम में भारत की नेशनल कोच के रूप में अपनी सेवाएँ दे रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह उनका पहला बड़ा ट्रेनिंग असाइनमेंट होगा, जो भारत की जिमनास्टिक कोचिंग प्रणाली के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

### बाल हनुमान पर नौ दिवसीय हनुमान अष्टमी महोत्सव, अविरल गूंजेगी रामायण

# आठ किलो चाँदी से बना नवीन द्वार आज स्थापित होगा, 12 दिसंबर को होगा मुख्य आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भक्ति से जुड़ा एक ऐसा पर्व है जिसका नाता हमारे उज्जैन से हैं समूचे भारतवर्ष में हनुमान अष्टमी की शुरूआत उज्जैन से हुई है जो अब धीरे धीरे मालवा प्रान्त में बनाए जाने लगा है। हनुमान भक्तों में इस दिन के लिए विशेष उत्साह होता है। शहर के सभी हनुमान मंदिरों में यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

श्री महाकालेश्वर प्रांगण में स्थित जय श्री बाल विजय मस्त हनुमान मंदिर पर इस पर्व को विशेष उत्सव के रूप में मनाया जाता है। श्रीराम कथा व्यास सुलभ शांतु जी महाराज जिनके संयोजन में ये संपूर्ण उत्सव मनाया जाएगा उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जूना महाकालेश्वर प्रांगण स्थित बाबा बाल हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान अष्टमी महापर्व को नौ दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। जिसका प्रारंभ 4 दिसम्बर गुरुवार को प्रातः काल पंचामृत स्नान कराकर श्री बाल हनुमान जी के शृंगार से होगा। मंदिर में बाल हनुमान जी के सम्मुख विशेष राम दरबार सजाया जाएगा। जिसमें नौ दिवसीय अखण्ड रामायण का पाठ होगा। दोपहर 4 बजे श्री रामचरितमानस जी का पौथी पूजन होगा और इसी के साथ नौ दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ



प्रारम्भ हो जाएगा जो सतत नौ दिनों तक चलेगा।

आयोजन के मध्य ही 11 दिसंबर गुरुवार को बाल हनुमान मंदिर के गर्भगृह पर 8 किलो चाँदी से बना नवीन द्वार लगाया जाएगा। 15 लाख की कीमत से बने इस चाँदी द्वार पर आकर्षक कारीगरी की गई है। साथ ही द्वार के दोनों ओर हनुमानजी के दो बड़े सुंदर स्वरूप आशीर्वाद देते हुए अंकित किए गए हैं। दोनों द्वार पर गज (हाथी) भी स्थापित किए गए हैं। ऊं और स्वास्तिक के चिन्ह द्वार की शोभा को बढ़ाते हुए दिखाई देंगे। द्वार का विधि विधान के साथ पूजन कर शुभ मुहूर्त में ये बाबा को अर्पित किया जाएगा। भोपाल के एक भक्त के द्वारा ये द्वार बाल हनुमानजी की सेवा में अर्पित किया गया है। नौ दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन संध्या सुमधुर भजनों के द्वारा हनुमान जी की आराधना की जावेगी। 11 दिसंबर गुरुवार को हनुमान अष्टमी की पूर्व संध्या पर श्री बाल हनुमान जी का दिव्य और भव्य शृंगार होगा। 12 दिसंबर शुक्रवार श्री हनुमान अष्टमी महापर्व पर प्रातःकाल 9 बजे मंगला आरती होगी। जिसमें 11 हजार बेसन से बने लड्डूओं का महाभोग लगाया जाएगा। आरती के पश्चात जो भक्तों में वितरित होगा। दोपहर 2 बजे 9 दिनों से चले आ रहे श्रीरामचरितमानस के अखण्ड रामायण पाठ की पूणाहुति होगी। संध्या 7 बजे मुख्य आरती होगी जिसमें शहर के गणमान्य हनुमान भक्त सम्मिलित होंगे आरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा। भक्त मंडल के हस्तीमल नाहर, सीताराम अग्रवाल, प्रहलाद दाड़, बंटी भदौरिया, प्रवीण ठाकुर, अंजनेश शर्मा रामावतार शर्मा, मनोहर दुबे, अभय जैन, गोपाल पाटोदिया, दामू सेठ, बसंत खत्री, अभिषेक जैन ने शहर के सभी धर्म परायण भक्तों से सम्पूर्ण नौ दिवसीय महोत्सव में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### भाजपा नेता पटेल का जन्मदिन सामाजिक समरसता के साथ मनाया गया

**उज्जैन.** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं मप्र वक्फ बोर्ड केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल का जन्मदिन एक दिसंबर को सामाजिक समरसता के साथ मित्रों सभी वर्ग समाजिक सदस्यों अभिभाषक पत्रकार जनसेवक ने कालीदेह महल पर आयोजित कार्यक्रम में पटेल को बधाई प्रेषित करते हुए शाल श्रीफल से सम्मानित कर मुख्यमंत्री के साथ उनका लिया गया चित्र भेंट कर मनाया। जानकारी अशोक सोनगरा द्वारा देते हुए बताया गया कि जन्मदिन के उपलक्ष में सभी ने माननीय पटेल साहब को सम्मानित करते हुए बधाई दी।

## अखाड़ों की भूमियों का उपयोग सनातन धर्म के क्रियाकलापों में होना चाहिए

### अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्रपुरीजी द्वारा अखाड़ों की जमीन पर निजी नाम चढ़ाने का विरोध कर, जांच की मांग का महाकाल सेना ने किया समर्थन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल सेना कई वर्षों से यह मांग करती आई है कि अखाड़ों की भूमियों का सनातन धर्म के क्रियाकलापों में उपयोग होना चाहिए। अखाड़ों की भूमि का उपयोग साधु संत के निवास के साथ यज्ञ, अनुष्ठान, कथा भागवत के लिए होना चाहिए।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्रपुरीजी महाराज ने अंकपात मार्ग पर जो वैष्णव अखाड़े हैं उनके सम्बन्ध में उज्जैन कलेक्टर से मांग की है कि इन अखाड़ों की भूमियों पर निजी नाम के स्थान पर अखाड़ों के नाम दर्ज होना चाहिए, इसका लाभ सनातन धर्म के लोगों को मिलेगा इसलिए महाकाल सेना रवींद्रपुरी जी महाराज के इस वक्तव्य का समर्थन करती है। महाकाल सेना सहसंगठन प्रमुख आशीष ठक्कर ने स्वामी जी से यह भी अनुरोध किया है कि अखाड़ों की भूमियो से व्यवसायीकरण हटाकर इन भूमियों का धार्मिक आयोजनों के उपयोग करने हेतु सुरक्षित किया जावे, साथ ही सरकार से अखाड़ों की भूमियों की नपती की मांग करे, जिससे अखाड़ों की भूमि सुरक्षित हो सके। क्योंकि अखाड़ों की भूमियों से कई बीघा सरकारी भूमि भी लगी हुई हैं यदि अखाड़ों के पास सरकारी भूमि निकलती है तो उसे सरकार अपने कब्जे में लेकर जनहित के निर्माण करें।

## माधव कॉलेज में साथी सेल का शुभारंभ, मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण ने बढ़ाई जागरूकता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में शैक्षणिक, अशैक्षणिक तथा प्रशासनिक स्टाफ के लिए मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य सहायता इकाई ह्मसाथीह्न सेल का विधिवत शुभारंभ हुआ तथा इसका लोगो लॉन्च किया गया।



काउंसलर प्रियम्वदा परमार ने मनोवैज्ञानिक फर्स्ट एड, चेतावनी संकेतों की पहचान, प्रतिक्रिया तंत्र, तथा संवेदनशील संप्रेषण के विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से वंचित व हाशिये पर रहने वाले समूहों के विद्यार्थियों के साथ काम करते समय अपनाई जाने वाली संवेदनशीलता के प्रयोग बताए। उनकी गतिविधि-आधारित प्रस्तुति ने प्रशिक्षण को और अधिक रोचक व व्यावहारिक बनाया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सामाजिक संवेदनशीलता, दुर्घटनाओं व अनहोनी घटनाओं की रोकथाम के लिए अत्यंत आवश्यक है। उनके शैक्षिक जीवन में आई एक भावपूर्ण घटना का उल्लेख करते हुए सभी से सजग रहने का अनुरोध किया। काउंसलर का परिचय अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. राजश्री शेठ ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जफर महमूद ने किया। धन्यवाद प्रो. म्यूरियल सिंह ने प्रस्तुत किया। बड़ी संख्या में शैक्षणिक एवं और अशैक्षणिक स्टाफ ने इस प्रशिक्षण से लाभ प्राप्त किया।

ह्मसाथीह्न सेल के शुभारंभ और इस सार्थक प्रशिक्षण के माध्यम से माधव कॉलेज ने एक सुरक्षित, संवेदनशील और मनोवैज्ञानिक रूप रूप से सहायक परिसर वातावरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है, जो क्षेत्र के अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह- ट्रैफिक पुलिस ने बच्चों को दिया सुरक्षित भविष्य का संदेश

### जागरूकता का सन्देश,

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें ट्रैफिक डी.एस.पी विक्रम सिंह कानपुरिया एवं डी.एस.पी दिलीप सिंह परिहार ने बच्चों को यातायात नियमों का महत्व समझाते हुए सुरक्षा से जुड़े आवश्यक टिप्स दिए।

अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सड़क पर सतर्क रहने, हेलमेट व सीट बेल्ट के नियमित उपयोग, ट्रैफिक संकेतों का पालन तथा मोबाइल फोन के कारण होने वाले ध्यान भटकाव से






बचने जैसी अहम बातें विस्तार से बताईं। बच्चों को यह भी समझाया गया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए जिम्मेदार नागरिक बनना अत्यंत आवश्यक है।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और डीएसपी द्वारा साझा किए गए वास्तविक उदाहरणों से सड़क सुरक्षा की गंभीरता को समझा। साथ ही डी.एस.पी दिलीप सिंह परिहार द्वारा भी विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए एवं अंत में सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया।

विद्यालय के संस्थापक आनंद पंड्या ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा है। ऐसे मार्गदर्शन से बच्चे न सिर्फ स्वयं सुरक्षित रहते हैं, बल्कि समाज में भी अच्छे ट्रैफिक व्यवहार के दूत बनते हैं।

विद्यालय प्रशासन ने ट्रैफिक विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक राहुल पंड्या शिक्षक गण एवं समस्त विद्यार्थी भी उपस्थित थे। संचालन अश्विन चौकडे द्वारा किया गया एवं आभार उप-प्राचार्या पल्लवी दिवाकर द्वारा माना गया। यह जानकारी सी. सी. ओ. राखी मेहता द्वारा दी गई।

## खबर एक नजर...

### बम्बाखाना व्यापारिक संघ के तीन वर्षीय चुनाव हुए

**उज्जैन।** उज्जैन शहर के व्यस्ततम व्यवसायीक क्षेत्र बम्बाखाना व्यापारिक संघ के तीन वर्षीय चुनाव सम्पन्न हुए।

जिसमें अध्यक्ष वरुण शर्मा, सभापति अशोक माहेश्वरी, महासचिव कपिल कटारिया, उपाध्यक्ष विमल चोरडि?ा, माधव दाँतवानी, मनोज आलवानी, सचिव मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष विजय पाटोदी, सह सचिव बाबूलाल नामदेव, प्रवक्ता हेमन्त पावेचा निर्वाचित हुए। संरक्षक बबलू यादव एवं रवि राय बनाये गए। उक्त जानकारी प्रवक्ता हेमन्त पावेचा ने दी।

### मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट की बैठक 9 दिसंबर को

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट के ट्रस्टियों की बैठक 9 दिसंबर मंगलवार को प्रातः 11 बजे से ट्रस्ट कार्यालय शेष नारायण मंदिर 51, ढाबा रोड़, उज्जैन पर रखी गई है।

ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक चौहान सागौर, कोषाध्यक्ष डॉ गौरीशंकर वर्मा पाड़लिया, सचिव शंकरलाल परमार डीकवा, उपाध्यक्ष संतोष वर्मा उज्जैन ने बताया कि ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक राठौर की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में ट्रस्ट की गतिविधियों पर चर्चा होगी। साथ ही समाज हित में किये जाने वाले कार्यों पर चर्चा होगी। समाजहित में निर्णय लिये जाने हेतु उक्त महत्वपूर्ण बैठक में समस्त ट्रस्टियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। यह जानकारी ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक चौहान सागौर ने दी।

### श्रद्धालुओं के लिए रामघाट पर निशुल्क गर्म पानी की सुविधा शुरू

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन करने आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रामघाट पर निशुल्क गर्म पानी की व्यवस्था शुरू की गई है। महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन से पूर्व बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामघाट पर स्नान के लिए पहुंचते हैं, जहां अब ठंड के मौसम में उन्हें गर्म पानी से स्नान करने की सुविधा मिलेगी। यह सेवा स्वर्गीय सूर्यनारायण जोशी ह्मीसा बंदीह्न की स्मृति में शुरू की गई है। नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव की मौजूदगी में इस सुविधा का शुभारंभ किया गया। रामघाट के साक्षी पुजारी पंडित आनंद जोशी लोटा वाला ने बताया कि प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु स्नान के लिए यहां आते हैं। ठंड के चलते श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसलिए गर्म पानी की यह निशुल्क सेवा शुरू की गई है। यह सुविधा पूरे शीतकाल तक जारी रहेगी। गर्म पानी पाकर श्रद्धालुओं ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ठंडे पानी से स्नान करने में परेशानी का भय था, लेकिन गर्म पानी उपलब्ध होने से स्नान करना आसान और सुखद रहा। उन्होंने इसे अत्यंत अच्छी और उपयोगी सेवा बताया। इस सेवा में पंडित आशुतोष जोशी, रामघाट के प्रधान आरक्षक मोहन सिंह परमार, सोनू सेन, उत्तम दुबे, शुभम डब्बावाला, आशुतोष जोशी, अजय जोशी एवं गुरु मंडली का विशेष सहयोग रहा।

# सिंहस्थ क्षेत्र से लैंड पुलिंग कानून निरस्त करे सरकार अन्यथा भारतीय किसान संघ करेगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

### लैंड पुलिंग निरस्त करने की सीएम की घोषणा के बाद संशोधन की बात क्यों

### भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश की ऑनलाइन आयोजित प्रदेश बैठक में बड़ा निर्णय

### दिसंबर के अंतिम सप्ताह में होगा बड़ा आंदोलन

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक ऑनलाइन माध्यम से बुधवार दोपहर को आयोजित की गई। जिसमें किसान संघ के अखिल भारतीय स्तर के अधिकारी भी शामिल हुए।

बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने बताया कि हमारी मांग है कि सिंहस्थ क्षेत्र से लैंड पुलिंग कानून सरकार तत्काल निरस्त करने का गजट नोटिफिकेशन सरकार जारी करे, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापिस करे, टीडीएस की धारा 8/9/10/11 के गजट नोटिफिकेशन रदद हों, सिंहस्थ क्षेत्र में स्थाई निर्माण न किया जाए। श्री आंजना ने रोष व्यक्त करते हुए आगे कहा कि सात दिन के भीतर यदि सरकार ये मांगे नहीं मानती है तो भारतीय किसान संघ लैंड पुलिंग कानून के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा। जिसमें प्रदेश भर से हजारों किसान उज्जैन आयेंगे। जिसकी तिथि शीघ्र घोषित होगी। बैठक में सभी प्रांतों के अध्यक्ष, महामंत्री व संगठन मंत्री को आंदोलन की तैयारी के लिए प्रांत, जिला, तहसील, ग्राम समिति में बैठके आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

### लैंड पुलिंग निरस्त करने की सीएम की घोषणा के बाद संशोधन की बात क्यों

प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री ने लैंड पुलिंग कानून को निरस्त करने की घोषणा की थी लेकिन आदेश संशोधन का निकाला गया। इस संशोधन आदेश के पीछे प्रशासनिक अधिकारियों की मंशा क्या है। इसके पीछे सिंहस्थ आयोजन की तैयारी में लगे अधिकारियों के कौन से अपने निजी हित हैं। यह स्पष्ट होना चाहिए।

### खाद, एमएसपी, प्याज, मक्का, बिजली पर भी हुई चर्चा

प्रदेश बैठक में शामिल हुए प्रांतों के पदाधिकारियों ने खाद की कमी, मक्का की एमएसपी पर खरीदी न किए जाने व प्याज के बाजार में कम दाम, बिजली की रात में सप्लाई, धान के कम खरीदी केंद बनाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। किसान संघ ने कहा कि सरकार मक्का व प्याज उत्पादक किसानों को तत्काल प्रति क्विंटल राहत राशि प्रदान कर उनकी मदद करे।

किसान संघ की प्रदेश ऑनलाइन बैठक में अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष रामभरोस वासोतिया, भूमि अधिग्रहण आयाम के प्रमुख व अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद चौधरी, खेलन सहारे, प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर, मध्यभारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, महाकौशल प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह, मालवा प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल, तीनों प्रांतों के महामंत्री रमेश दांगी, प्रहलाद पटेल, शिवनंदन रघुवंशी, तीनों प्रांतों के संगठन मंत्री तुलाराम, भरत पटेल व अतुल माहेश्वरी सहित प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**चौड़ीकरण कार्यों की वजह से उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ**

# छोटे पुल टूटने से व्यापारियों को हुआ भारी नुकसान

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



शिप्रा नदी के तट पर स्थित कार्तिक मेला ग्राउंड में हर वर्ष की तरह इस बार भी एक माह के लिए कार्तिक मेले का आयोजन किया गया था। नगर निगम द्वारा व्यापारी वर्ग को मेले की समय सीमा 4 दिसंबर तक समाप्त करने की सूचना दे दी गई है। इसी निर्णय का विरोध करते हुए मेले में दुकान एवं झूला लगाने वाले व्यापारियों ने मेले की अवधि दो सप्ताह बढ़ाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि इस बार मेले के शुरू होने से पहले छोटे पुल को तोड़ दिया गया था, जिसके कारण मेले में आने-जाने का मार्ग बाधित रहा और लोगों की आवाजाही सामान्य नहीं हो पाई। इसका सीधा असर मेले की भीड़ पर पड़ा और व्यापारियों को अपेक्षित व्यापार नहीं मिल सका। व्यापारी हरीश शर्मा एवं ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि वे दूर-दराज इलाकों से उज्जैन आए थे और यहां दुकानें व झूले लगाने में भारी निवेश किया गया है, लेकिन पुल टूटने और चौड़ीकरण कार्यों की वजह से उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई व्यापारी अब तक घाटे से नहीं उबर पाए हैं, साथ ही अपने-अपने शहर लौटने की व्यवस्था भी उनके पास फिलहाल नहीं है। व्यापारियों ने नगर निगम से आग्रह किया है कि यदि मेले को 4 दिसंबर से 14 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया जाए तो उन्हें हुए नुकसान की आंशिक भरपाई हो सकेगी और वे कुछ संभलकर अपने गृह नगर लौट सकेंगे। नगर निगम के निर्णय पर अब व्यापारियों की नजरें टिकी हैं कि उनकी इस मांग पर क्या निर्णय लिया जाता है।

### क्षिप्रा विहार में आवासीय भूखंडों को प्राप्त करने के अंतिम दो दिन

**उज्जैन.** उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा क्षिप्रा विहार योजना में 49 आवासीय भूखंडो को प्राप्त करने हेतु आनलाईन पद्धति से योजना निकाली की गई है। उक्त योजना देवास रोड से लगी होकर 45 मी. सडक कुशाभाउ ठाकरे मार्ग पर स्थित है। इस योजना से लगी हुई एम.आर. 11 सडक है। यह योजना पूर्ण रूप से विकसित होकर इसमें कई रहवासी निवासरत है। इस योजना में मुख्य रूप से लगभग 3500 वर्गफीट के 08 भूखंड, 2400 वर्गफीट के 30 भूखंड एवं 1500 वर्गफीट के 11 भूखंड पूर्ण पारदर्शिता के साथ आनलाईन पद्धति से विक्रय हेतु निकाले गये है। उक्त योजना में उज्जैन-देवास फोरलेन से सीधे रूप से जुड़े होकर 150 फीट चौडी सडक पर स्थित है

# कोबरा के बाद रसैल वाईपर का उपचार, उज्जैन में सर्प सेवा के लिए वन विभाग भी लगा

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

हाल ही में पशु चिकित्सा विभाग ने कोबरा को 80 टांके लगाकर उसकी जान बचाई गई थी। एक बार फिर से उससे भी ज्यादा जहरीले सांस में कुकर की सिटी की आवाज निकालने वाले गुस्सेल रसैल वाईपर के उपचार किया गया है।दो दिन के उपचार के उपरांत उसे प्राकृतिक वातावरण में छोड दिया गया है। वन विभाग की रेस्क्यू दल ने रसेल वाइपर मादा सर्प का रेस्क्यू किया था। जिसके शरीर पर हल्की सी चोट लगी हुई थी। सोमवार से लेकर 02 दिवस के प्राथमिक उपचार उपरांत टीम के द्वारा उसे प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया गया है। चोंटिल होने के बावजूद सर्प प्राकृतिक वातावरण में रहता तो छोटे मोटे जीव-जंतु कीडे,चीटी इसके घाट से चिपककर इसे मौत दे देते।

पशु चिकित्सक डॉ अरविंद मैथनिया के अनुसार रेशल वाइपर मादा सर्प को हल्की चोट लगी हुई थी,जिसका 02 दिवस तक प्राथमिक उपचार किया गया जिसमें एंटीसेप्टिक ड्रेसिंग बिटाडिन व घाव भरने वाला स्प्रे ( पिन प्वाइंट) उपयोग किया गया,जिसमें सिल्वर नैनो पार्टिकल (कण) होते हैं, जिससे घाव तेजी से भरता है।वयस्क मादा सर्प की लंबाई लगभग 3.5 फीट थी। रंग हल्का भूरा व पीला था।

इस सर्प का वैज्ञानिक नाम डोबीया रसेली है व ज्यादा विषैला सर्प है। पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में पाया जाता है, इसकी गिनती एशिया में शीर्ष चार (04) विषैले व प्राणघातक सर्पों में की जाती है। इसका व्यवहार छलावरण, रफ्तार अप्रत्याशित रहती है। जब यह श्वसन (सांस) लेता है तो एक कुकर की सिटी जैसी आवाज आती है। इसके सिर के ऊपर वी (१) या वाय ( ) आकार का सफेद मार्क होता है। यह आमतौर पर खुले,घास या जंगल व खेत में पाए जाते हैं व घने जंगल को पसंद नहीं करते है।

# छोटी गलियों में दो से तीन ई-रिक्शा पहुंचने पर पुरी गली में जाम लग रहा

### महाकाल मंदिर जाने वाले सभी मार्गो पर फैली अव्यवस्थाएं .. रोज जाम लग रहा

### जिसकी जहां मर्जी हो वहां अपने तमाझाम लगाकर दुकान लगा रहा

### लोग पैदल भी बड़ी मुश्किल से निकल पाते हैं

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



महाकाल लोक बनने के बाद बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है भीड़ को देखते हुए महाकाल क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रशासन ने कई प्रयास किये। लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी महाकाल क्षेत्र की व्यवस्था नहीं सुधर पाई है। महाकाल की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर वाहनों का लंबा जाम लग रहा है। महाकाल क्षेत्र में कई छोटी छोटी गलियां है वहां दो से तीन ऑटो पहुंचने पर पुरी गली में ही जाम लग जाता है। महाकाल क्षेत्र में ऑटो और ई- रिक्शा रोड पर जाम लगा रहे हैं। महाकाल घाटी, कोट मोहल्ला, गुदरी चौराहा, कार्तिक चौक, रामघाट मार्ग,पटनी बाजार और गोपाल मंदिर क्षेत्र सहित ढाबा रोड और दानी गेट क्षेत्र में पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। हर रोड पर रिक्शा की भीड़ और बेतरतीब दौड़ते रिक्शा जाम लगाते हैं। इन्होंने कुछ क्षेत्र में तो अस्थाई स्टैण्ड बना रखे हैं और भीड़ वाले रोड पर ही रिक्शा खड़ी कर देते हैं। जिसकी वजह से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशान होना पड़ता है। शाम और सुबह इस क्षेत्र में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल होता है क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि रिक्शा चालक रोड पर ही ऑटो खड़ी कर देते हैं। अगर इनके लिए क्षेत्र में स्थाई स्टैंड ऑटो रिक्शा बना दिया जाए तो काफी हद तक व्यवस्था में सुधार होगा।

## खबर एक नजर...

### विश्व दिव्यांग दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाजापुर।** विश्व दिव्यांग दिवस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर जिला चिकित्सालय शाजापुर में श्रीगंगा रक्तदान सेवा संगठन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाशचंद्र फुलेरिया एवं उनकी टीम की भूमिका सराहनीय रही। फुलेरिया ने कहा कि रक्तदान करना एक महान व पुनीत कार्य है। इसी भावना के साथ संगठन निरंतर समाजसेवा में अग्रसर है। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय सचिव सिद्दीकी खान, अरुणसिंह फुलेरिया, डॉ. एस. डी. जायसवाल, डॉ. आलोक सक्सेना, डॉ. नवीन झाला, सोनू फुलेरिया, प्रदीप फुलेरिया, अर्जुन नरवरिया सहित अनेक गणमान्य लोग एवं युवा साथियों ने सहभागिता दर्ज कराई। रक्तदाताओं ने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जीवन बचा सकता है इसलिए, समाज के हर सक्षम व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### डंपर की टक्कर से तीन घायल, खंती में गिरी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**शाजापुर।** डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली खंती में जा गिरी। घटना में तीन युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 3 बजे ग्राम कुमारिया पाल के पास तेज रफ्तार डंपर ने पहले बाइक सवार को टक्कर मारी। इसके बाद अनियंत्रित होकर अपने आगे चल रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे स्थित खंती में जा गिरी जिसे जेसीबी की मदद से खंती से बाहर निकाला गया।

### नवजीवन अभियान...: बच्चों की समस्याएं सुनी

**उज्जैन।** घर से भागकर लौटे नाबालिग बच्चों को सबसे ज्यादा कठिनाई उन सवालों और तानों से होती है। चारों तरफ की आलोचना उन्हें दोबारा भटका सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए उज्जैन पुलिस एक अनोखी पहल नवजीवन अभियान चलाएगी, जिसका मकसद सिर्फ बच्चों को घर पहुंचाना नहीं, बल्कि नया जीवन और सुरक्षित माहौल देना भी है। 1 से 30 नवंबर तक चलाए गए मुस्कान अभियान में उज्जैन पुलिस ने 263 लापता बच्चों को ढूंढ़कर उनके परिवारों से मिलाया। इन सभी बच्चों को पुलिस लाइन स्थित लर्निंग सेंटर पर माता-पिता के साथ बुलवाया गया। मंगलवार को 120 बच्चे अपने परिवारों के साथ पहुंचे। यहां आईजी, डीआईजी, एसपी, एएसपी और सीएसपी सहित रेंज के वरिष्ठ अधिकारी बच्चों के बीच बैठे, उनके नाम पूछे, चाय-नाश्ता करवाया और उनकी समस्याएं सुनीं। आईजी उमेश जोगा ने कहा बच्चों की एक गलती पूरे जीवन को प्रभावित न करें, इसलिए बच्चों को सामान्य जीवन की ओर प्रेरित कर रहे हैं। यह मुस्कान अभियान का अगला कदम है। बच्चों से बात कर फिर से पढ़ाई, कार्य शुरू करने को लेकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया जा रहा है।

# निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करें, कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक कलेक्टर ऋजु बाफना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर बाफना ने आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 26 जनवरी 2026 तक निमार्णाधीन आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण कराना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करें। गुणवत्तापूर्ण कार्य करें, अन्यथा कार्य की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने निमार्णाधीन आंगनवाड़ी भवनों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने एवं बाला गतिविधियां आदि कार्य कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इक्क बगिया मां के नामह्न परियोजना की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उक्त कार्य में कम प्रगति वाले सहायक यंत्री एवं उपयंत्री का 5-5 दिन का वेतन रोकने के निर्देश जनपद पंचायत सीईओ को दिए। साथ ही जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि वह क्लस्टर स्तर पर प्रति सप्ताह बैठक लेकर कार्य की प्रगति की समीक्षा करें। कलेक्टर ने डग पोण्ड बनाने एवं मछली पालन के लिए लक्ष्य निर्धारित करने तथा किसानों को प्रेरित करने के लिए उनका एक्सपोजर विजिट कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को अपूर्ण गौशालाओं को शीघ्र पूर्ण कराने एवं जिन गौशालाओं में अतिक्रमण है, वहां से अतिक्रमण मुक्त कर चारागाह का विकास करने तथा अमृत सरोवर का शासन के निर्देशों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। साथ ही मनरेगा जॉबकार्ड धारियों की ईकेवाईसी करवाने के निर्देश भी दिए।

कारण बताओ सूचना पत्र देने के निर्देश

कलेक्टर बाफना ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला समन्वयक आनंद राघव तिवारी के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए। इसी तरह आंगनवाड़ी भवनों का भुगतान समय पर नहीं करने पर जिला पंचायत कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 रितेश मालवीय एवं जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण कमलेश पाटीदार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर, इनका 15-15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

### जिला शिक्षा अधिकारी दुबे को दी गई भावभीनी विदाई

**शाजापुर।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे की 30 नवम्बर 2025 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दुबे को भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर सहायक संचालक राजेन्द्र शिंदे ने कहा कि डॉ. दुबे एक कर्मठ अनुशासन प्रिय शैणिक नवाचार के प्रणेता हैं। उनके कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर नवीन नवाचार हुए। इसके परिणाम स्वरूप जिले में 84 शालाएं, स्मार्ट शाला, पीएमश्री शाला, 06 उच्च गुणवता सांदिपनि विद्यालय पूर्ण किए गए। इसके साथ ही पिछले तीन वर्षों के बोर्ड परीक्षा परिणाम में निरन्तर सुधार हुआ। वर्ष 2024-25 में जिला कक्षा-12 में तीसरा एवं कक्षा -10 वी में छटवे नंबर पर रहा। जिले के 116 विद्यालयों में नियमित प्रयोगशाला संचालित की गई। शालाओं को सुविधायुक्त बनाने में राज्य से आवश्यक बजट स्वीकृत कराया गया, उसका प्रदर्शिता समय सीमा में व्यय कराया गया। कार्यालय का कायाकल्प किया गया, जिससे सभी कर्मचारी अच्छे वातावरण, सुविधायुक्त भवन में कार्य कर रहे हैं, जिससे उनकी कार्य क्षमता में वृद्धि हुई है।

### अखिल भारतीय सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बैठक संपन्न

**शाजापुर।** स्थानीय सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला परिसर में अखिल भारतीय सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण महासभा के आगामी अध्यक्ष चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने अध्यक्ष पद की योग्यता और समाज की भावी दिशा पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. बसंत कुमार भट्ट ने कहा कि जो व्यक्ति समाज के हित में निस्वार्थ भाव से काम करे और समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए उनके आर्थिक, सामाजिक विकास की ओर कदम बढ़ाए, वही महासभा के अध्यक्ष बनने के योग्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नेतृत्व ऐसा होना चाहिए जो समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जा सके। इस अवसर पर विजय आचार्य, संतोष जोशी, सत्यनारायण त्रिवेदी, मोतीलाल पटेल (नागुखेड़ी), वासुदेव रावल, सतीश पांडे (लक्ष्मीपुरा), जगदीश शर्मा (देवास), मनीष त्रिवेदी, सचिन भट्ट, सुनील त्रिवेदी और अनिल त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन पर विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के तहत जागरूकता अभियान, यात्रियों को दी गई जानकारी







ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

विश्व एड्स दिवस जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रेल यात्रियों को एचआईवी और एड्स के संबंध में मूलभूत और महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता अभियान के तहत यात्रियों को इस गंभीर बीमारी के लक्षण, बचाव के उपाय और समाज में फैली भ्रांतियों के बारे में शिक्षित किया गया। स्वास्थ्य विभाग और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाना था। जागरूकता कार्यक्रम में जिला अस्पताल से काउंसलर भैरव सिंह गोरसिया, रामा कृष्ण फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर संदीप कुमार और उनकी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा रेलवे स्टाफ का भी कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।

यहां निकाली एड्स जागरूकता रैली

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी. के. एस. एन. गवर्नमेंट कॉलेज, शाजापुर में रेड रिबन क्लब द्वारा बुधवार को विश्व एड्स दिवस को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी के मार्गदर्शन में जन-जागरूकता रैली का आयोजन हुआ, जो महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर ए. बी रोड, बस स्टैंड होते हुए जिला अस्पताल में समाप्त हुई। इस दौरान प्रो. गिडवानी ने कहा कि जागरूकता रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम जनता को एड्स की रोकथाम, जागरूकता और सामाजिक संकल्प के लिए प्रेरित करना था। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी व रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने बताया कि महाविद्यालय में एड्स जागरूकता पखवाड़े के तहत व्याख्यान, रंगोली, चित्रकला, कोलाज निर्माण, मेहंदी आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं।

## - डायल-112 के सामने से लकडी से भरे वाहन ले जा रहे तस्कर

# वन विभाग की मिलीभगत, लकडकट्टों के हौंसले बुलंद

### लकडी पर न हैमर का निशान न ही दस्तावेज,ग्रामीण क्षेत्रों में मिलीभगत से हो रही कटाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बडनगर तहसील में वन विभाग की मिलीभगत से लकडकट्टों के हौंसले बुलंद हैं। तस्कर इतने निर्भिक और बेखोफ हैं कि डायल-112 वाहन यानिकी पुलिस के सामने से ही लकडी से भरे वाहनों को ले जा रहे हैं। खास यह है कि लकडी पर न तो हैमर का निशान है न हीं दस्तावेज हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मिलीभगत से तहसील में जमकर वृक्षों की कटाई की जा रही है।

प्रदेश वन मुख्यालय के अनुसार 56 प्रकार की लकडियों के परिवहन को लेकर पास लिया जाना जरूरी है। उसके विपरित राजस्व क्षेत्र से लकडी की कटाई के साथ मिलीभगत के चलते पंचायतों के प्रमाण पत्र पर लकडी का अवैध परिवहन करते हुए, तस्करी की जा रही है। न तो वृक्षों की कटाई की जरूरत को देखा जा रहा है न ही मौका मुआयना किया जा रहा है।

### राजस्व क्षेत्र से कटाई-

बडनगर क्षेत्र में वन विभाग का क्षेत्र नहीं हैं। ऐसे में किसानों के खेतों पर खडे हरे वृक्षों की कटाई का काम जमकर चल रहा है। चंद रूपयों के लालच में किसान हरे भरे वृक्षों की कटाई करवा रहे हैं। इसमें चंद रूपयों के साथ मिलीभगत के चलते वृक्षों की कटाई हो रही है। एक आवेदन और उसके साथ चलने वाली हरी हवा से सब काम बन रहा है।

### टीपी से बचने का जुगाड

लकडी चाहे राजस्व क्षेत्र की हो या जंगल क्षेत्र की दोनों के परिवहन के लिए पास की अनिवार्यता है। परिवहन पास जारी करने का अधिकार वन विभाग को ही है। इससे बचने के लिए लकडी तस्कर ग्राम पंचायतों में सेटिंग करते हुए वहां से किसान के नाम पर लकडी चिरवाने का पत्र जारी करवा लेते हैं। इस पत्र के आधार पर लकडी ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र तक पहुंच रही है।

### शत प्रतिशत एसआईआर सर्वे कार्य पूर्ण होने पर सम्मान

शाजापुर। ग्राम पंचायत मालीखेड़ी का एसआईआर सर्वे कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होने पर गांव के आंगनवाड़ी केंद्र पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएलओ रामचंद्र अंसल, सहायक के रूप में रविंद्र चौहान रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीनाक्षी क्षोत्रीय, प्रीति सोलंकी, सहायिका रानी वर्मा, तेजूबाई का सम्मान बेरछा नायब तहसीलदार गौरव पोरवाल, पटवारी मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश चौहान, संकुल प्राचार्य जीएल राजोरिया, सरपंच प्रतिनिधि महेश अंसल व सचिव ओमप्रकाश विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच गोकुल अंसल, आनंद आर्य, सुनीता आर्य, सुमन भिलाला, राजेंद्र येवले मौजूद थे।

# अवैध रूप से हथियार रखने के मामले में छह आरोपियों को दो-दो साल की सजा

### पुलिया की नीचे बना रहे थे डकैती की योजना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

डकैती की योजना बनाते हुए पकड़े गए आरोपियों में से ६ व्यक्तियों को अवैध हथियार के साथ पकड़े जाने पर सत्र न्यायाधीश निर्मल मंडोरिया ने 2-2 वर्ष के कारावास की सजा एवं अर्थदण्ड से दंडित किया। एक आरोपी फरार हो गया था। अतिरिक्त लोक अभियोजक संजीव सिंह चौहान ने बताया कि 20 जुलाई 2017 को बिलपांक थाने पर पदस्थ थाना प्रभारी वरुण तिवारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि 5 से 6 व्यक्ति हाईवे रोड पर प्रकाश नगर पुलिया के पास नीचे साइड में बैठे हैं जो आने जाने वाली बस को रापी लगाकर रोक कर लूटपाट करने की योजना बना रहे हैं।

इस सूचना पर थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे, जहां पर टॉर्च की रोशनी में देखा तो चार-पांच व्यक्ति पुलिया के पास बैठे थे जो पुलिस को आता देखकर अलग-अलग दिशा में भागने लगे जिन्हें फोर्स की मदद से पकड़ा गया। मुन्ना उर्फ मोहन निवासी - संदला, जिला धार, दुले सिंह पिता लक्ष्मण सिंह निवासी संदला, जिला धार, रामेश्वर पिता नंदकिशोर निवासी संदला, जिला धार, गोविन्द पिता कालूराम निवासी ग्राम सनावदा, जिला धार, अशफाक खान उर्फ बाबू पिता मोहम्मद हुसैन निवासी खेड़ा माधो, जिला उज्जैन, जीतेन्द्र सिंह पिता रणजीत सिंह निवासी मुखर्जी नगर रतलाम को आयुध अधिनियम(ह्लद्बह्य ड्डष्ह्ल) की धारा 25 (1)(ड्ड) में 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। एक अन्य आरोपी हैदसिंह पिता गुलजार सिंह निवासी खुमार्बाद जिला बड़वानी विचारण के दौरान के फरार हो गया था। अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक संजीव सिंह चौहान के द्वारा की गई।

आरोपियों के पास से अवैध हथियार एवं जिंदा कारतूस जप्त किए गए आरोपी को गिरफ्तार किया। धारा 399, 402 भादवी एवं आयुध अधिनियम की धारा 25, 27 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया था। विवेचना उपरांत आरोपियों के विरुद्ध अभियोगपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण का विचारण अष्टम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश निर्मल मंडोरिया के न्यायालय किया गया, जहां पर आरोपियों को धारा 399 एवं 402 भादवी के अंतर्गत दोष मुक्त किया। अवैध हथियारों को बिना अनुज्ञप्ति के अपने पास रखने का दोषी पाया।



# पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मेडिकल विंग के सौजन्य से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति प्रतिज्ञा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो प्रदर्शन कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। इस दौरान प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नशे से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें, तभी एक स्वस्थ समाज एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में नशे के लत के प्रति जागरूक होना बहुत ही अधिक आवश्यक है। ताकि भी अपने लक्ष्य को बिना भटकाव के प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा नशे से होने वाली बीमारियों, पारिवारिक विघटन एवं सामाजिक पतन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में गणित विभागाध्यक्ष डॉ. टी. के. झाला, डॉ. प्रकाश चंद्र सती, सोहन यादव, संदीप माहेश्वरी समेत महाविद्यालय के कर्मचारी व एन. एस. एस. स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

# दूसरे दिन भी चली अतिक्रमण हटाओ मुहिम, चक्काजाम कर किया विरोध

### गांधी चौराहा से नेहरू बस स्टैंड तक ठेले व गुमटिया हटाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



बीपीएल चौराहा से लेकर घण्टाघर तक आदर्श रोड़ बनाने की योजना के तहत मंदसौर में दो दिन से गुमटियों व ठेले वालों का अतिक्रमण हटाने की मुहिम प्रशासन व नगर पालिका द्वारा की जा रही है। मंगलवार को दशपुर कुंज के बाहर से तथा बुधवार को गांधीचौराहा स्थित महारानी स्कूल के बाहर से गुमटिया हटाई उसके बाद नेहरू बस स्टेण्ड तक मार्ग जो भी ठेले व गुमटिया थी सभी को हटा लिया गया। साथ ही पक्का निर्माण भी हटाया गया। इस दौरान अमले ने बुलडोजर का उपयोग भी किया। इन ठेला व गुमटी व्यापारियों गांधी चौराहा पर बैठकर अतिक्रमण हटाने का विरोध किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

बुधवार को कार्रवाई के विरोध में गांधी चौराहे पर हाथ ठेला और गुमटी व्यवसायियों ने फिर मोर्चा खोल दिया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दीपक गुर्जर भी सड़क पर बैठकर किये जा रहे प्रदर्शन में शामिल रहे। प्रदर्शन से यातायात प्रभावित हुआ। मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। श्री गुर्जर ने कहा कि प्रशासन को अमीरों का अतिक्रमण दिखाई नहीं दे रहा सिर्फ गरीबों के ठेलों का हटाया जा रहा है।

सीएमओ अनिता चोकोटिया ने कहा कि हटाये गये ठेला व्यापारियों के लिये वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी लेकिन जहां से अतिक्रमण हटाया गया है वहां पुनः ठेले नहीं लगाने दिये जायेंगे।

# नीमच कलेक्टर ने जिले में चाइनीस मांझा के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा नीमच जिले की राजस्व सीमा में नायलॉन या सिंथेटिक सामग्री से बने डोर चायनीज (मांझा) के निर्माण, विक्रय, भंडारण, खरीद और उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जिले में 14 जनवरी 2026 को मनाए जाने वाले मकर संक्रांति पर्व के दौरान जन-सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार चायनीज डोर, सिंथेटिक सामग्री या मांझा के विनिर्माण, विक्रय, भंडारण, खरीद एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया, कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत कठोर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश जारी होने की तिथि से 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है,कि मीडिया व अन्य जनसामान्य द्वारा यह तथ्य ध्यान में लाया गया है, कि पतंगबाजी में उपयोग होने वाले चायना के धागे के उपयोग से पक्षियों व जनसामान्य को हानि पहुंच रही हैं। कई बार चायना के धागे से पतंग उड़ाते समय पक्षी इसमें उलझ कर, फंस जाते है और घायल हो जाते हैं एवं कई बार तो पक्षियों की मृत्यु तक हो जाती है। इस धागे से पतंगबाजी के दौरान रोड़ पर चलने वाले राहगीर भी कई बार घायल हो जाते है। चायना धागे की मजबूती इन हादसों का कारण है व इस धागे का उपयोग पतंगबाजी में किये जाने से पशु-पक्षियों व जनसामान्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है

# सफाई कार्य में लापरवाही बिल्कुल नहीं बरतें - श्रीमती बामनिया

नीमच। शहर की सफाई व्यवस्था का कार्य हमें पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है, सफाई कार्य में किसी प्रकार की भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सफाई कार्य में लगे सभी कर्मचारी कार्य के दौरान ड्रेस कोड में उपस्थित होकर निष्ठापूर्वक अपना कार्य करें तथा ड्यूटी पर उपस्थित होने के समय एवं ड्यूटी खत्म होने के समय ऑनलाइन उपस्थिति आवश्यक रूप से दर्ज कराये।उपरोक्त निर्देश नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने नगर पालिका कार्यालय स्थित सीएमओ कक्ष में स्वच्छता निरीक्षकों व स्वच्छता पर्यवेक्षकों की बैठक में दिए। सीएमओ श्रीमती बामनिया ने स्वच्छता निरीक्षकों व स्वच्छता पर्यवेक्षकों से कहा कि वह प्रतिदिन अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें तथा सड़क पर कहीं भी कचरा एकत्रित न हो इस बात का ध्यान रखें। साथ ही आम नागरिकों तथा दुकानदारों को अपने यहां डस्टबिन रखने एवं सड़क पर कचरा ना फेंकते हुए कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने हेतु हेतु समझाइश दें ओर सड़क पर कचरा फेंकने वालों के चालान बनाकर जुमार्ना आरोपित करें। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक, स्वच्छता निरीक्षक श्री गोपाल नरवाले एवं विभिन्न क्षेत्रों के स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# विश्व दिव्यांगजन दिवस पर 36 हुए सशक्त, 46 सहायक उपकरणों से मिली नई राह



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं सहायता के उद्देश्य से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, मंदसौर में विशेष उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 36 दिव्यांगजनों को कुल 46 सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान निर्मल ज्योति स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। उनके द्वारा वहां पर हैंडीक्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया।

वितरित उपकरणों के अंतर्गत 15 दिव्यांगजनों को मोटर ट्राई साइकिल, 8 को ट्राइसाइकिल, 7 को व्हीलचेयर, 2 को सुगम्या केन, 1 को टीएलएम किट, 1 को सीपी चेयर, 10 को बैसाखी व 2 दिव्यांगजनों को छड़ी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि दिव्यांगजन जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना करते हैं, फिर भी वे हार नहीं मानते और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए निरंतर योजनाएँ और सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणसुधीर निगवाल ने दिव्यांगजनों से अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता की आवश्यकता हो, तो टोल-फ्री नंबर 15100 पर तुरंत संपर्क करें। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, कलेक्टर अदिती गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित दिव्यांगजन एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# जावरा में होगा हिंदुत्व का शंखनाद 25 हजार बजरंगी होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल शौर्य यात्रा 27 दिसंबर को, होगा ,₹हिंदुत्व का शंखनाद,,₹ कार्यक्रम के निमित जावरा में दशहरा मैदान में ₹कार्यक्रम स्थान का भूमि पूजन₹ आयोजित किया गया।

शौर्य यात्रा हिंदुत्व का शंखनाद कार्यक्रम कार्यक्रम में संत प्रफुल्ल व्यास, प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, प्रांत सह मंत्री महेश आंजना, प्रांत संयोजक नितिन पाटीदार, अतिथियों द्वारा विधि वत भूमि पूजा कर श्री राम दरबार एवं भारत माता चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रांत मंत्री शर्मा द्वारा बताया कि आज भूमि पूजन से ये तय हो गया है कि अब जावरा में शंखनांद होगा और घर घर तक उसकी आवाज गूंजेगी।

प्रांत सह मंत्री महेश आंजना ने बताया ये हिंदुत्व का शंखनाद कार्यक्रम अपने मालवा प्रांत का सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा हैं। प्रांत संयोजक पाटीदार ने कहा गीता जयंती पर बजरंग दल शौर्य यात्राओं का आयोजन प्रतिवर्ष करता है। इस वर्ष भी भव्य आयोजन होने वाले है।

विभाग संगठन मंत्री अर्जुन गहलोत ने कार्यक्रम की योजना से सभी को अवगत कराया । कार्यक्रम में 25 हजार बजरंगी सम्मिलित होंगे जिसके लिए जिला प्रखंड खंड ग्राम मोहल्ला समिति तक की बैठक एवं निरंतर संपर्क और संत पद यात्रा का भी उल्लेख किया।

इस अवसर पर विभाग सयोजक वीनू शर्मा सह सयोजक राधेशयम आंजना विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख राहुल सोनी जावरा जिला अध्यक्ष मधुसूदन पाटीदार जिला मंत्री तूफान सिंह यादव कोषाध्यक्ष अध्यक्ष जीवन सिंह जिला सेवा प्रमुख ओंकार दास जिला सह सयोजक संदीप जिला गोरक्षा प्रमुख महेश जिला सुरक्षा प्रमुख विकास जावरा प्रखंड अध्यक्ष पूर्णेन्दु जोशी उपाध्यक्ष राजेश पांचाल प्रखंड मंत्री सुनील पाठक, सह मंत्री ज्ञान सिंह,पवन, शिवम , हेमंत विपुल जितेंद्र गुड्डू सिंह नेपाल सिंह और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्वालटोली बालाजी मंदिर की दान पेटी से 21060 रुपए प्राप्त

**नीमच।** ग्वालटोली में हाईवे रोड पर स्थित दक्षिणमुखी एवं प्राचीन श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर की दान पेटी को प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को खोलने का क्रम मार्च 2025 से निरंतर जारी है। इसी कड़ी में कल दिसंबर माह के पहले मंगलवार को मंदिर की दान पेटी खोली गई, जिसमें से इस बार मंदिर समिति को 21060 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी नंदलाल बानिये, रतन सुराह, कुंदन पटेल,भीम भगत, मनीष पंवार,मंदिर के प्रभारी पुजारी पं.शिव शर्मा सहित अन्य सदस्य व भक्तगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी ने दी। वर्तमान समय में मंदिर के विशाल परिसर में निर्माण कार्य जारी है।

# नपाध्यक्ष व एसडीएम ने चौड़ीकरण व पार्किंग स्थल का किया मुआयना

नीमच। बुधवार 3 दिसंबर को नीमच नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा व एसडीएम श्री संजय साहू अचानक कमल चौक चौराहे पर पहुंचे और वहां पार्किंग के लिए आरक्षित जगह के साथ ही भारत माता चौराहा के पीछे पुस्तक बाजार से कमल चौक तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान, तहसीलदार श्री संजय मालवीय तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया भी उनके साथ थी। नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि भारत माता चौराहा के पीछे पुस्तक बाजार से कमल चौक तक की सड़क को सड़क चोड़ीकरण अभियान के तहत 4 मीटर के स्थान पर 8 मीटर चौड़ी कर सुंदर स्वरूप प्रदान किया जा रहा है।



संजय कपूर की संपत्ति विवाद

# प्रिया ने मेरे बेटे की संपत्ति छिपाई, पैसा शायद विदेश भेजा गया

बिजनेसमैन संजय कपूर की मां रानी कपूर ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट में अपने बेटे की तीसरी पत्नी प्रिया सचदेव कपूर पर कई गंभीर आरोप लगाए। अदालत में सुनवाई के दौरान रानी ने आरोप लगाया कि संजय की अचानक मौत के बाद प्रिया ने उनकी संपत्तियों पर कब्जा करने की कोशिश की।

रानी कपूर की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट वैभव गग्गर ने अदालत को बताया कि संजय की सालाना आमदनी करीब 60 करोड़ रुपए थी, लेकिन उनके बैंक खाते में सिर्फ 2 करोड़ रुपए से भी कम थे। उनके पास लगभग 1.69 करोड़ रुपए के क्रिप्टो एसेट्स भी थे। वकील ने कहा कि प्रिया कपूर ने अदालत से संपत्ति की सही जानकारी छिपाई है और शक है कि यह पैसा विदेश भेज दिया गया है।

रानी कपूर के वकील ने अदालत में कहा, यह घर (दिल्ली के रजोकरी इलाके में फार्महाउस) मेरे पति ने बनवाया था। वहां 50 से ज्यादा कीमती पेंटिंग्स हैं। संजय के पास न बीमा था, न किराये की कोई आय, न ही म्यूचुअल फंड। उनकी सैलरी 60 करोड़ रुपए थी, लेकिन खाते में सिर्फ 1.7 करोड़ रुपए क्यों हैं? वकील ने कोर्ट से कहा कि प्रिया कपूर और संजय कपूर दोनों की पिछले दो साल की संपत्ति की पूरी जानकारी मांगी जाए और अदालत अंतरिम आदेश देकर वर्तमान स्थिति को बनाए रखे ताकि कोई बदलाव न हो। उन्होंने आगे कहा, मेरी मुवक्किल 80 साल की हैं और आज उन्हें बताया गया है कि उनके बेटे की वसीयत में उनका नाम तक नहीं है।

बिग बॉस -19 : शो के टॉप-5 की हुई अनाउंसमेंट

# मिड वीक एविक्शन में मालती चहर हुई एविक्ट, 7 दिसंबर को होगा फिनाले





टेलीविजन के पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है। फिनाले से ठीक पहले शो में मिड वीक एविक्शन हुआ है, जिसमें मालती चहर शो से बाहर हो चुकी हैं। अब शो की ट्रॉफी का मुकाबला, अमाल मलिक, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, तान्या मित्तल और प्रणीत मौरे के बीच होगा।

बिग बॉस इनसाइडर के मुताबिक, शो में गार्डन एरिया में एक टास्क रखा गया था। सभी कंटेस्टेंट्स को अपनी-अपनी तस्वीरें फायर पॉट में रखनी थीं। सभी कंटेस्टेंट्स की तस्वीरों पर रिएक्शन नहीं हुआ, जबकि मालती की तस्वीर में आग लग गई। इसके बाद उन्हें शो से बाहर कर दिया गया है।

### कई वजहों से विवादों में रहा बिग बॉस 19

फिनाले से ठीक एक हफ्ते पहले शो से अशनूर कौर को वायलेंस करने के आरोप में बाहर कर दिया गया। उनके एविक्शन पर कई फैंस और सेलेब्स ने भी आपत्ति जताई। शो की पूर्व कंटेस्टेंट और एक्ट्रेस सुंबुल तौकीर ने भी शो के फॉर्मेट की आलोचना की। इसके अलावा शो से दर्शकों नहीं बल्कि मेहमान बनकर आए कुछ आम लोगों की वोटिंग के आधार पर मृदुल तिवारी को एविक्ट कर दिया गया। जबकि उनकी फैन फॉलोविंग, अन्य घरवालों के मुकाबले शुरूआती हफ्तों में सबसे ज्यादा थी। शो से निकलने के बाद मृदुल ने एविक्शन को गलत बताते हुए कहा कि उनका स्क्रीनटाइम भी कम रखा गया, जबकि अमाल को मेकर्स ने ज्यादा तवज्जो दी। इनके अलावा बसीर अली ने भी शो में पक्षपात होने और मेकर्स के बढ़ते हस्तक्षेप पर सवाल खड़े किए थे।

कलर्स चैनल द्वारा शो के अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो भी जारी किया गया है, जिसमें पॉपुलर स्टैंड अप कॉमेडियन, गुरनील पन्नू, कुल्लू और सुमैरा ने ओपन माइक रखा था। इस प्रोमो में मालती नजर आई हैं, हालांकि इसके बाद ही उन्हें घर से एविक्ट कर दिया गया है।

टॉप-5 फाइनलिस्ट को बिग बॉस द्वारा एक टास्क दिया गया है, जिसमें सभी को विजेता के नाम का अनुमान लगाना है। इस दौरान फरहाना भट्ट ने तान्या मित्तल का नाम लिया, जबकि गौरव खन्ना और अमाल मलिक ने कहा कि उनके मुताबिक प्रणीत मौरे विजेता बनेंगे। तान्या मित्तल ने टास्क में फरहाना और प्रणीत मोरे ने गौरव खन्ना का नाम लिया है। टॉप-5 कंटेस्टेंट्स में से किसी ने भी अमाल का नाम नहीं लिया, जबकि प्रणीत को दो लोगों ने चुना।



# पिता की कोई फिल्म दोबारा नहीं बनाना चाहते अभिषेक

### एक्टर बोले- उनसे बेहतर कोई नहीं कर सकता इसलिए रीक्रिएट करने का मतलब नहीं

बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन ने कहा कि वह अपने पिता अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े फैन हैं, लेकिन कभी भी उनकी किसी फिल्म को दोबारा नहीं बनाना चाहेंगे। अभिषेक हाल ही में मुंबई के मेहबूब स्टूडियो में हुए इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट क्रिएटिव फेस्टिवल के दूसरे दिन पहुंचे थे। यह फेस्टिवल 29 और 30 नवंबर को आयोजित किया गया था।

इस दौरान उन्होंने कहा, ₹मैं अपने पिता की किसी भी फिल्म को दोबारा नहीं बनाना चाहूंगा। बचपन से ही मैं अमिताभ बच्चन जैसा बनना चाहता था। मैं उनका सबसे बड़ा फैन हूं। बचपन में जब भी मौका मिलता, मैं पापा की फिल्में देखता था। अभिषेक ने आगे बताया कि एक समय ऐसा था जब वे सिर्फ पिता की फिल्में ही देखते थे। उन्होंने कहा, ₹बचपन में मैं सिर्फ उनकी फिल्में देखता था। उसके बाद मैं और मेरे दोस्त घर के पीछे जाकर उन फिल्मों के सीन दोहराते थे। सबसे ज्यादा लड़ाई इस बात को लेकर होती थी कि अमिताभ बच्चन का रोल कौन करेगा। मेरी पीढ़ी में ऐसा बहुत कम लोग होंगे जिन्होंने उन्हें अपना आइडल नहीं माना होगा।₹ अभिषेक ने यह भी बताया कि वह यह बात बेटे के तौर पर नहीं, बल्कि एक फैन के रूप में कह रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹मेरे पिता इसलिए महान हैं क्योंकि जब भी मैं उनकी फिल्में देखता हूं, मैं कभी यह नहीं सोचता कि मैं यह सीन कैसे करता। एक कलाकार के तौर पर थोड़ी अहंकार की भावना आती है कि मैं शायद बेहतर कर सकता हूं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि कोई भी अमिताभ बच्चन से बेहतर कर सकता है। इसलिए दोबारा करने का कोई मतलब नहीं है। साल 2025 में अभिषेक बच्चन की तीन फिल्में बी हैप्पी (14 मार्च), हाउसफुल 5 (6 जून) और कालीधर लापता (4 जुलाई) रिलीज हुईं।

# मुकेश ऋषि की ईमानदारी और अनुशासन से मिली बड़ी ताकत

एक्टर मुकेश ऋषि के बेटे राघव ऋषि ने भी पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए एक्टिंग में करियर बनाया है। राघव कहते है कि पापा की ईमानदारी और अनुशासन से उन्हें प्रेरणा मिलती है। पिता-पुत्र पंजाबी फिल्म निडर' में स्क्रीन भी शेयर कर चुके हैं। मुकेश ऋषि कहते है कि राघव में सबसे अच्छी बात उसकी काम के प्रति ईमानदारी लगती है। हाल ही में मुकेश ऋषि और राघव ऋषि ने खास बातचीत की। पेश है कुछ प्रमुख अंश..

### बेटे राघव बोले- डैडी की ये प्रतिबद्धता सबको प्रेरणा देती है, वह मेरे गाइड हैं

- **सवाल:** जब पिता इतने लीजेंडरी हों और उस फील्ड? में हों जहां उन्होंने एक नाम स्थापित किया हो, तो आपके लिए बड़े चैलेंजेज? रहते हैं। आप उन चैलेंजेज? से कैसे पार पाते हो?

**जवाब/राघव:** अगर मेरे पिताजी का इतना बड़ा नाम है इस फील्ड? में, तो वह मेरे गाइड भी हैं। अगर मैं कहीं अटकता हूं, तो मुझे पता है कि मैं कहां जाकर किसको पूछ सकता हूं। सब कुछ एक जगह मेरे पास है और अगर मुझे कोई दिक्कत आती है तो मैं हमेशा अपने डैडी से बात कर सकता हूं।

- **सवाल:** मुकेश जी, आपके बेटे में वैसा ही जुनून दिख रहा है जैसा आपके अंदर था। आपकी ईमानदारी आज इनमें भी नजर आ रही है। आपको कैसा लगता है?

**जवाब/मुकेश:** बहुत अच्छा लगता है। काम के लिए सही तैयारी करनी चाहिए। क्या जरूरत है, डिसिप्लिन क्या है, ये सब। हमारी फिल्म निडर साथ में थी, तो रिहर्सल साथ करते थे। इससे सेट पर पिता-पुत्र का डर नहीं लगा, दोनों कैरेक्टर में तुरंत ढल गए। घर पर प्रैक्टिस से सेट पर रिलैक्स रहते थे। काम एक जैसा होने से कोई हिचकिचाहट नहीं हुई। यही सबसे बड़ा फायदा लगा।

- **सवाल :राघव,** क्या कभी ऐसा हुआ कि आपके डैड सेट पर हों और रोमांस या एक्शन सीन हो तो कोई हिचकिचाहट हुई?

**जवाब/राघव:** मैंने जो फिल्में की हैं, उनमें मुझे एक्शन करने का मौका नहीं मिला। लेकिन जो आप एक्शन की हिचकिचाहट की बात कर रहे हैं, वह पहले खत्म हो चुकी थी क्योंकि थोड़ी बहुत एक्शन सीखने के बाद मैंने डैडी के साथ इसकी प्रैक्टिस भी की है। इसलिए अब कोई हिचकिचाहट नहीं है। बात करें रोमांस की, तो थोड़ा सा संकोच रहता है क्योंकि बहुत सारे लोग देख रहे होते हैं। खास बात यह है कि वह फिल्म मेरे पिता के साथ बनी थी, उसमें मेरे कुछ रोमांटिक सीन्स हीरोइन के साथ थे।

**मुकेश:** रिहर्सल में मैं ही हीरोइन बन जाता था। जब हम डायलॉग बोलते थे, तो उसका फायदा जरूर होता था क्योंकि कभी-कभी डायलॉग थोड़े अजीब लगते थे। लेकिन उससे रिलैक्स हो जाते थे। कई बार ऐसे सीन होते थे, जिनमें मैं कहता था, 'मैं ये डायलॉग पढ़ता हूं, तुम वह करो।



- **सवाल-** आपकी फिल्म 'द ग्रेट इंडियन एस्केप' बड़ी कमाल की फिल्म थी। आने वाली और फिल्मों के बारे में बताइए?

**जवाब/राघव:** 'द ग्रेट इंडियन एस्केप' मेरी पहली फिल्म थी, जिसे तरनजीत सिंह नामधारी ने डायरेक्ट की थी। इस फिल्म की कहानी एक पायलट की है, जो पाकिस्तान में क्रैश हो जाता है और बंदी बन जाता है। फिल्म में दिखाया गया है कि वह कैसे भागने की कोशिश करता है। इसके बाद हमने एक पंजाबी-हिंदी मिक्स भाषा में 'निडर' बनाई, जो एक पिता और बेटे की कहानी है। यह 2023 में रिलीज हुई। पिछले साल हम एक नई अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में बनने वाली फिल्म शुरू करने वाले थे, जिसमें अंग्रेजी, कोरियन और भारतीय भाषाएं होंगी। लेकिन लोकेशन की दिक्कतों के कारण यह अब इस साल शुरू होगी। इसका विषय पर्यावरण और जानवरों के संरक्षण पर है, जैसे फिल्म कांतारा की कहानी है।

- **सवाल:** क्या डैड उस फिल्म का हिस्सा होंगे?

**जवाब/राघव:** हां, कोशिश करेंगे हिस्सा बने। लेकिन उस फिल्म में हम दोनों निडर के जैसे पिता और पुत्र की भूमिका में नहीं होंगें। वहां रिश्ता थोड़ा अलग है।

**मुकेश:** फिल्म में हमारे रिश्ते प्रोफेशनल हैं, हम दोनों काम के साथी हैं। कहानी में हॉलीवुड की एक्ट्रेस भी हैं। कहानी में उनकी एंट्री और घटनाएं होती हैं, जो भारत में बनती हैं, इसलिए हम कहानी में जुड़े हैं। कहानी दिलचस्प है, लेकिन कभी-कभी नए लोग टाइम का सही अंदाजा नहीं लगा पाते, ऐसा कुछ हुआ।

- **सवाल:** राघव का इतना बड़ा महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है और लगातार अच्छा काम कर रहे हैं। पिता के नाते, आप राघव को लेकर क्या महसूस करते हैं?

**जवाब/मुकेश:** मैं चाहता हूं कि ईमानदारी से काम करते रहो। लीड फिल्में मिलने से ज्यादा जरूरी है हर काम को अच्छे से करना। चुनौतियां स्वीकार करो, तभी ग्रोथ होती है। मेरी कोई बड़ी महत्वाकांक्षा नहीं है, बस अपने काम को ईमानदारी से करते रहो।

- **सवाल:** आप अपनी मेहनत और टैलेंट से आगे बढ़े। कभी खुद को फायदा दिलाने के लिए रेकमेंडेशन नहीं मांगा है। कई स्टार किड्स अपने माता-पिता से कनेक्शन्स का जोर-शोर से प्रचार करवाते हैं, लेकिन आप ऐसा क्यों नहीं करते?

**जवाब/मुकेश:** नहीं यार, जो जिसकी किस्मत में है, उसे मिलेगी। इसमें कोई बुराई नहीं है। नेपोटिज्म मेरी समझ से बाहर है। जैसे कोई इंडस्ट्रियलिस्ट है तो उसके बच्चे फैक्टरी में जाएंगे, वो स्वाभाविक है। इसमें कुछ फायदे होते हैं। लेकिन आखिर में जब कैमरे के सामने खड़े होते हैं, तो केवल हम खुद होते हैं।

- **सवाल:** राघव, आपकी क्या महत्वाकांक्षा है? आप किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं?

**जवाब/राघव:** मैं ओटीटी से बहुत प्रभावित हूं। पहले फिल्मों में हीरो और विलेन की अलग-अलग पहचान होती थी, लेकिन अब ओटीटी पर ये सब खत्म हो गया है। साउथ और नॉर्थ दोनों जगह अब अच्छा अभिनय ज्यादा मायने रखता है। ओटीटी टीमवर्क पर जोर देता है, न कि सिर्फ एक कैरेक्टर पर। मैं भी ऐसी फिल्में करना चाहता हूं जहां कोई भी किरदार निभाऊं, उसका असर फिल्म में जरूर दिखे।

- **सवाल:** बकेट लिस्ट में कोई डायरेक्टर हैं?

**जवाब/राघव:** जो भी काम मिलेगा, वो चलेगा। एक्टर्स के हाथ में पिक और चूज करने की पूरी आजादी नहीं होती। बहुत से बढ़िया डायरेक्टर्स हैं जिनके बारे में हमें पता नहीं, लेकिन वे अच्छा काम करते हैं। खासकर टीवीएफ जैसे प्लेटफॉर्म पर, जहां एक्टर्स को बढ़िया मौके मिलते हैं। मैं निश्चित नहीं कह सकता कि सिर्फ किसी के साथ काम करूंगा। काम अच्छा करना मेरी प्राथमिकता है, चाहे वो नया डायरेक्टर हो या अनुभवी।

- **सवाल:** डैडी के नाम और काम की वजह से जिम्मेदारी बढ़ती है, आप इसे कैसे देखते हो?

**जवाब/राघव:** हां, जिम्मेदारी बढ़ती है। मैं उसे अपने काम से ही पूरा कर सकता हूं। डैडी का रास्ता ही मेरा रास्ता है। मैं उम्मीद करता हूं कि मैंने भी अच्छा काम किया होगा।

- **सवाल:** डैडी की वो खास आदतें कौन-सी हैं जो आम लोगों को प्रेरित करती हैं?

**जवाब/राघव:** ईमानदारी और अनुशासन उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं। वे हमेशा समय पर पहुंचते हैं, जो कम लोगों में दिखता है। उनकी ये प्रतिबद्धता सबको प्रेरणा देती है।

- **सवाल:** डैड की सबसे पसंदीदा फिल्म कौन सी है आपकी?

**जवाब/राघव :** कई फिल्में हैं, एक नाम नहीं दे सकता। लेकिन सबसे पहले साउथ की फिल्म 'इंद्रा- द टाइगर' आती है। वहां डैड को एक खास अंदाज में दिखाया गया है, जो बहुत अच्छा है। इसके अलावा 'सरफरोश', 'कुरुक्षेत्र' और हाल की वेब सीरीज 'सलाकार' भी है। बहुत सारी फिल्में हैं, लेकिन 'गुंडा' जैसा मजा फिर नहीं आएगा। जो उस समय में अच्छा था, आज लोग उसे देखते हैं।

- **सवाल-** आपके डैडी का मीम कल्चर का भी एक लीजेंडरी फेज रहा है, इसे कैसे देखते हैं आप?

**जवाब/राघव:** हां, बिलकुल। गुंडे का मीम आज भी चलता है। लोग इसे सीरियसली नहीं लेते, उसी वजह से मजा आता है। डैड का सरफरोश वाला डायलॉग भी चलता है, जो अच्छा लगता है।

### 359 रन भी नहीं बचा पाया भारतः दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका ने 4 विकेट से हराया

# कोहली-गायकवाड के शतक, मार्करम की भी सेंचुरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायपुर

साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में टीम इंडिया 359 रन का टारगेट भी नहीं बचा सकी। रायपुर में बुधवार को मेहमान टीम ने 6 विकेट खोकर 50वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। टीम से ऐडन मार्करम ने सेंचुरी लगाई। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने फिफ्टी लगाकर सीरीज 1-1 से बराबरी पर ला दी।

शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने विराट कोहली और ऋतुराज गायकवाड की सेंचुरी के दम पर 358 रन बना दिए। कप्तान केएल राहुल ने फिफ्टी लगाई। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन ने 2 विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका ने पहला विकेट 5वें ओवर में ही गंवा दिया था। यहां से ऐडन मार्करम ने कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली। बावुमा 44 रन बनाकर आउट हुए। मार्करम ने फिर शतक लगाकर टीम को 200 के करीब पहुंचा दिया। मार्करम के विकेट के बाद डेवाल्ड ब्रेविस ने 54 और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने 68 रन बनाकर टीम को 300 के पार पहुंचाया।

322 रन तक टीम ने ब्रेविस, ब्रीट्जकी और फिर मार्को यानसन के विकेट भी गंवा दिए। हालांकि, कॉर्बिन बॉश ने आखिर में जीत के लिए जरूरी 37 रन बनाकर टीम को करीबी मुकाबला जिता दिया। भारत से अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट लिए। हर्षित राणा और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला। सीरीज का तीसरा वनडे 6 दिसंबर को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। मैच का स्कोरबोर्ड

**खराब फील्डिंग और एक्स्ट्रा रन ने बढ़ाई मुश्किलें-** 359 रन डिफेंड करने में भारत की सबसे बड़ी मुश्किलें खराब फील्डिंग ने बढ़ाईं। यशस्वी जायसवाल ने 18वें ओवर में मार्करम का कैच छोड़ दिया, तब वे 59 रन पर थे। उन्होंने 2 आसान चौके भी गंवा दिए। आखिरी ओवरों में टीम के फील्डर्स ने मिसफील्ड और ओवरथ्रो से भी एक्स्ट्रा रन खर्च किए। इतना ही नहीं, वाइड से भी 11 रन दे दिए।

**कोहली-गायकवाड के शतक, भारत ने 358 का स्कोर बनाया-** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में बुधवार को भारतीय टीम ने लगातार 20वें वनडे में टॉस गंवाया। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। टीम इंडिया ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 358 रन बनाए।विराट कोहली (102 रन) ने लगातार दूसरे मैच में शतक लगाया। ऋतुराज गायकवाड ने भी 105 रनों की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का पहला शतक लगाया।



### कोहली का वनडे में 53वां शतक


विराट कोहली ने 90 बॉल पर शतक पूरा किया। उन्होंने मिडऑन पर बैकफुट पंच करके एक रन लिया और शतक पूरा किया। फिर अपने अंदाज में छलांग लगाई और रिंग चूमकर सेलिब्रेशन किया। कोहली ने वनडे करियर में 53वां शतक लगाया। उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में 84 शतक हो चुके हैं।

प्लेइंग-11

**भारतः** केएल राहुल (कप्तान, विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड, वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा।

**साउथ अफ्रीकाः** टेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, ऐडन मार्करम , मैथ्यू ब्रीट्जकी, टोनी डी जॉर्जी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी।

# क्राइस्टचर्च टेस्ट- न्यूजीलैंड को 96 रन की बढ़त



ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट क्राइस्टचर्च में खेला जा रहा है। बुधवार को दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 32 रन बना लिए हैं। टीम की कुल बढ़त 96 रन की हो गई है। ओपनर टॉम लैथम और डेवॉन कॉन्वे नाबाद लौटे।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी 231/9 के स्कोर से आगे बढ़ाई, लेकिन टीम अपने ओवरनाइट स्कोर में कोई रन नहीं जोड़ सकी और 231 पर ही ऑल आउट हो गई। जवाब में वेस्टइंडीज पहली पारी में 167 रन पर ढेर हो गई, जिससे न्यूजीलैंड को 64 रन की मिली। इससे पहले मंगलवार को वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। वेस्टइंडीज का पहला विकेट केवल 1 रन के स्कोर पर गिर गया था। टीम को दूसरा झटका भी 10 रन के स्कोर पर लगा। लेकिन उसके बाद दूसरे ओपनर तेजनारायण चंद्रपॉल (52 रन) और शाई होप (56 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा वेस्टइंडीज का कोई और खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सका। न्यूजीलैंड के लिए पहली पारी में जैकब डफी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके। मैट हेनरी ने 3 और जैक फॉक्स ने 2 विकेट लिए। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने सिर्फ 1 रन पर डेवोन कॉन्वे का विकेट खो दिया, जो बिना खाता खोले आउट हुए।

### हर्षित राणा पर आईसीसी की कार्रवाई

## पहले वनडे में ब्रेविस को आउट करने के बाद ड्रेसिंग रूम की दिशा में इशारा किया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रांची में खेले गए पहले वनडे में भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर आईसीसी ने कार्रवाई करते हुए एक डिमेरिट पॉइंट दिया है। राणा पर यह कार्रवाई 30 नवंबर को हुए मैच में डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद ड्रेसिंग रूम की दिशा में इशारा करने के कारण की गई।

आईसीसी ने इसे आचार संहिता के आर्टिकल 2.5 का उल्लंघन माना है और राणा को लेवल-1 का दोषी करार दिया है। यह आर्टिकल खिलाड़ियों या अधिकारियों की ओर अनुचित भाषा या इशारा किए जाने से संबंधित है। लेवल-1 उल्लंघन में चेतावनी, अधिकतम 50% मैच फीस की कटौती और 1-2 डिमेरिट पॉइंट तक की सजा शामिल होती है।

रांची में रविवार को खेले गए पहले वनडे में, मैच के 22वें ओवर में हर्षित राणा ने ब्रेविस को ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों डीप प्वॉइंट पर कैच करवाया। आउट होने के बाद राणा ने ब्रेविस की ओर इशारा किया, जिसे मैच अधिकारियों ने आक्रामक और अनुचित जेस्चर माना और इसी आधार पर उन पर कार्रवाई की गई।

भारत ने पहला वनडे 17 रन से जीता

भारत ने पहला वनडे 17 रन से जीता। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। विराट कोहली की 135 रन की शतकीय पारी के बाद तेज गेंदबाज कुलदीप यादव के चार और हर्षित राणा के तीन विकेटों ने भारत की जीत पक्की कर दी। कोहली ने 120 गेंदों में 11 चौके और 7 छक्के लगाए। रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी ने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। बल्लेबाजी के अनुकूल खरउअ स्टेडियम की पिच पर भारत ने 8 विकेट पर 349 रन बनाए। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने 56 गेंदों में 60 रन जोड़े, जबकि रवींद्र जडेजा ने अंतिम ओवरों में 20 गेंदों पर 32 रन बनाकर स्कोर को मजबूत करने में अहम योगदान दिया।

## पूर्व इंग्लिश बैटर रॉबिन स्मिथ का निधन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन

इंग्लैंड के पूर्व बैटर रॉबिन स्मिथ का मंगलवार को 62 साल की उम्र में निधन हो गया है। इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड ने उनके निधन की जानकारी दी। इंग्लिश बोर्ड ने लिखा- 'वे अपने समय से आगे के बैटर्स थे। 1993 में एजबेस्टन वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 167 रनों की यादगार पारी इसका उदाहरण है।'

स्मिथ को 80 और 90 के दशक में कर्टली एम्ब्रोस, कर्टनी वॉल्श, मैल्कम मार्शल और पैट्रिक पैटरसन जैसे वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों का दिलेरी से सामना करने के लिए जाना जाता है। तब उनके साथी बैटर्स अक्सर इस गेंदबाजी आक्रमण के सामने विफल हो जाते थे। टेस्ट में 4236 रन बनाए, भारत के खिलाफ 2 शतक दाएं हाथ के स्मिथ ने 1988 से 1996 के बीच 62 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 43.67 के औसत से 4236 रन बनाए। उस दौर में इंग्लैंड के क्रिकेट पर उनका प्रभाव उनके आंकड़ों से कहीं अधिक था।

ईसीबी के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा- 'रॉबिन स्मिथ एक ऐसे खिलाड़ी थे, जो दुनिया के कुछ सबसे तेज गेंदबाजों का आत्मविश्वास से सामना करते थे। उनकी बल्लेबाजी पर इंग्लैंड के प्रशंसकों को बहुत गर्व हुआ।'

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्माः 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबरः 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइलः 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## भारत की अर्थव्यवस्था रफ्तार पर

# 8.2% जीडीपी दर ने आलोचनाओं को किया खारिज



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विकास के आंकड़ों ने कुछ वर्गों की ओर से किए गए दावों को खारिज कर दिया है। यह दशार्ता है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि सरकारी सुधारों और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने से दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जारी हुई जीडीपी आंकड़ों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी सुधारों और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने से दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। गोयल ने दावा किया कि व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का निर्यात अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि विकास के आंकड़ों ने कुछ वर्गों की ओर से किए गए दावों को खारिज कर दिया है। यह दशार्ता है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हम निरंतर वृद्धि देखना जारी रखेंगे। गोयल ने बताया कि भारत के जीएसटी में भी इस वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान उच्च वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान वस्तु निर्यात मामूली रूप से 0.63 प्रतिशत बढ़कर 254.25 अरब डॉलर हो गया, व आयात 6.37 प्रतिशत बढ़कर 451.08 अरब डॉलर हो गया। इस वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान, सेवाओं का निर्यात 237.55 अरब डॉलर रहा, वहीं अप्रैल-अक्टूबर 2024 में यह 216.45 अरब डॉलर था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कि इससे पूर्व अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के बाद आई है।

## अर्थव्यवस्था की बदलती तस्वीरः लेकिन मिडिल क्लास क्यों है परेशान

# कमर्शियल वाहनों की बिक्री ने भरी उड़ान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही मिले-जुले लेकिन उत्साहजनक संकेत लेकर आई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों ने एक दिलचस्प तस्वीर पेश की है। इस तस्वीर में जहां एक ओर राहत भरे नंबर हैं तो दूसरी ओर आम आदमी से जुड़ी कुछ चिंताएं भी हैं। आइए पूरी रिपोर्ट पढ़कर इसके मायने समझें।

वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मिले-जुले संकेत लेकर आए हैं। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े बीती छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। नए आंकड़ों में जहां कमर्शियल वाहनों और कृषि क्षेत्र में तेजी की बात है, वहीं निजी कारों की सुस्त बिक्री ने मध्यम वर्ग की चुनौतियों को भी उजागर किया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही मिले-जुला लेकिन उत्साहजनक संकेत लेकर आई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों ने एक दिलचस्प तस्वीर पेश की है। एक ओर कमर्शियल वाहनों की बढ़ती आवाजाही और निर्माण क्षेत्र में आई तेजी ने औद्योगिक गतिविधियों को नई रफ्तार दी है, वहीं दूसरी ओर, निजी कारों की घटती बिक्री ने मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आइए, सरकार की ओर से जारी वृद्धि दर के ताजा आंकड़ों की पड़ताल कर समझते हैं, आम आदमी के लिए इसका क्या मतलब है। हम यह भी जानेंगे कि अर्थव्यवस्था के उम्मीद से बेहतर आंकड़ों के बावजूद मध्यम वर्ग अब भी क्यों चुनौतियों से जूझ रहा है?

**कृषि क्षेत्रः चावल की बंपर पैदावार, महंगाई से राहत की उम्मीद-** अपनी रसोई के बजट को संभालने की चिंता में डूबे आम आदमी के लिए कृषि क्षेत्र से एक राहत भरी खबर है। चावल के उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 2.9% हो गई है, जो पिछले साल मात्र 1.1% थी।

**चावल की बंपर पैदावार का क्या असर-** चावल के उत्पादन में तीन गुना बढ़ोतरी खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। बाजाार में आपूर्ति बढ़ने से चावल की कीमतों में स्थिरता आने की उम्मीद है, इससे खाने की थाली पहले की तुलना में कम महंगी हो सकती है। ऐसा होने से सीधा फायदा मिलेगा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मिलेगा। इससे ग्रामीण आय को सुधारने में मदद मिलेगी।

**ऑटो सेक्टरः निजी कारों से मध्यम वर्ग की दूरी-** जीडीपी के आंकड़े बताते हैं कि देश में जहां एक ओर कमर्शियल गाड़ियां बिक रही हैं, वहीं आम आदमी यानी विशेषकर मध्यम वर्ग की ओर से खरीदी जाने वाली निजी कारों की बिक्री की रफ्तार कम हो गई है। निजी वाहनों की बिक्री वृद्धि दर घटकर 5.9% रह गई है, जो पिछले साल 9.9% थी।

**क्यों यह आंकड़ा है चिंता का कारण -** यह गिरावट बताती है कि मध्यम वर्ग अभी भी महंगाई और ऊंचे ब्याज दरों के दबाव में है। लोग अपनी जमा पूंजी बचाने को प्राथमिकता दे रहे हैं और कार जैसी बड़ी खरीदारी को टाल रहे हैं। इससे निपटने के लिए त्योहारी और शादियों के सीजन में कंपनियों के भारी डिस्काउंट का सहारा लेना पड़ा है।




### जीडीपी के आंकड़ों में क्या बदला और उसका क्या मतलब है?

- **कमर्शियल वाहनः अर्थव्यवस्था की 'लाइफलाइन' में लौटी जान-** अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ी राहत की खबर लॉजिस्टिक्स सेक्टर से आई है। कमर्शियल वाहनों की बिक्री, जिसे आर्थिक गतिविधियों का बैरोमीटर माना जाता है, ने जबरदस्त वापसी की है। पिछले साल समान तिमाही में कमर्शियल वाहनों की बिक्री में 10.7% की भारी गिरावट दर्ज की गई थी। लेकिन इस साल तस्वीर पूरी तरह बदल गई है और इसमें 8.3% की वृद्धि दर्ज की गई है।

**इस बदलाव का क्या मतलब-** ट्रकों और लोडर की बिक्री बढ़ने का सीधा अर्थ है कि फैक्ट्रियों से माल की ढुलाई बढ़ी है। यह औद्योगिक उत्पादन में तेजी और रोजगार के नए अवसरों (ड्राइवर, मैकेनिक्स) का संकेत है। यह 'टर्नअराउंड' बताता है कि सुस्ती का दौर खत्म हो रहा है।

**निर्माण क्षेत्रः सीमेंट और स्टील की खपत में उछाल-** घर खरीदारों, डेवलपर्स और रियल एस्टेट निवेशकों के लिए बाजार में सरगर्मी तेज हो गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर और हाउसिंग सेक्टर में भारी मांग देखी जा रही है। सीमेंट उत्पादन में 7.3% की वृद्धि हुई है (पिछले साल 3.2% थी)। वहीं, स्टील की खपत 8.8% की दर से बढ़ रही है। इसका मुख्य कारण सरकार की आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं (सड़क, पुल) और ग्रामीण क्षेत्र की आवास योजनाओं में आई तेजी है।

- **इस तेजी के क्या मायने-** इस क्षेत्र की मांग में इतनी तेज वृद्धि का असर कीमतों पर पड़ सकता है। घर बनाने की योजना बना रहे लोगों को अपने बजट में 5-10% की अतिरिक्त गुंजाइश रखनी चाहिए, क्योंकि कंपनियों जरूरी उत्पादों की कीमतें बढ़ाकर इसका भार आम उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं।

## एफआईसीसीआई

# फिक्की की कमान अनंत गोयनका के हाथों में



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष अनंत गोयनका ने 2025-2026 के लिए फिक्की के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। इसके साथ ही संस्थान में अन्य शीर्ष पदों पर भी नई नियुक्तियां हुई हैं। आइए विस्तार से जानते हैं। इंडस्ट्री चेंबर फिक्की में नए नेतृत्व ने कमान संभाल ली है। आरपीजी ग्रुप के वाइस चेयरमैन अनंत गोयनका ने शनिवार को 2025झ26 के लिए फिक्की अध्यक्ष का पद संभाल लिया। उन्होंने इमामी लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और एमडी हर्षवर्धन अग्रवाल का स्थान लिया है। यह जानकारी फिक्की द्वारा जारी बयान में दी गई।

फिक्की के अनुसार अनंत गोयनका ने कैलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए किया है और यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिल्वेनिया के व्हार्टन स्कूल से अर्थशास्त्र में बीएस डिग्री हासिल की है।

**दो अन्य शीर्ष पदों पर हुई नियुक्ति-** संस्थान में अन्य शीर्ष पदों पर भी नई नियुक्तियां हुई हैं। द सनमार ग्रुप के चेयरमैन विजय शंकर ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाला है। डालमिया भारत लिमिटेड के एमडी और सीईओ पुनीत डालमिया को फिक्की का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई टीम अब अगले एक वर्ष तक उद्योग जगत के हितों, नीति संवाद और आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर फिक्की का नेतृत्व करेगी।

## जीटीआरआई का दावा- पांच महीनों में 28.5% की गिरावट

# 50% अमेरिकी टैरिफ से भारतीय निर्यात को नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका भारतीय उत्पादों का सबसे बड़ा विदेशी बाजार है, अब वहां से भारतीय निर्यातकों के लिए खतरे की घंटी बज चुकी है। 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) की ताजा रिपोर्ट ने भारतीय व्यापार जगत की चिंताओं को गहरा कर दिया है। आइए इस बारे में जानें।

अमेरिका की भारतीय सामानों पर लगाए गए आक्रामक और अभूतपूर्व आयात शुल्कों (टैरिफ) के चलते, मई से अक्टूबर के बीच पिछले पांच महीनों में भारत के निर्यात में 28.5 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। यह आंकड़ा केवल संख्या में कमी नहीं, बल्कि भारतीय विनिर्माण और रोजगार के लिए एक बड़ी चिंता भी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने भारतीय सामानों पर टैरिफ में जिस तरह की बढ़ोतरी की है, वह अप्रत्याशित है। इस साल 2 अप्रैल को पहली बार भारतीय उत्पदों पर 10 प्रतिशत का जवाबी टैरिफ लगाया गया। 7 अगस्त को यह बढ़कर 25 प्रतिशत हुआ और अगस्त के अंत तक 50 प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। ट्रंप सरकार की इस आक्रामक नीति का नतीजा यह हुआ कि मई से अक्तूबर 2025 के बीच अमेरिका को होने वाला भारतीय निर्यात 8.83 अरब डॉलर से घटकर महज 6.31 अरब डॉलर रह गया। गौर करने वाली बात यह है कि इस 'टैरिफ युद्ध' में भारत की स्थिति चीन से भी खराब हो गई है। जहां चीन को लगभग 30 प्रतिशत और जापान को केवल 15 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, वहीं भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भंयकर भार है।



**श्रम आधारित क्षेत्रों पर सबसे गहरी मार-** जीटीआरआई के अनुसार चिंता का सबसे बड़ा कारण श्रम आधारित क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों में भारत के करोड़ों लोगों को रोजगार मिलता है। रत्न व आभूषण, कपड़ा, गारमेंट्स, रसायन और सीफूड जैसे क्षेत्रों पर 50% टैरिफ की सीधी मार पड़ी है। इन उत्पादों का निर्यात 31.2% लुढ़क कर 4.78 अरब डॉलर से 3.29 अरब डॉलर पर आ गया है। महज पांच महीनों में इन क्षेत्रों से लगभग 1.5 अरब डॉलर की पूंजी साफ हो गई है। रसायनों निर्यात में 38% की भारी गिरावट देखी गई है।

### स्मार्टफोन और फार्मा सेक्टर पर भी असर

- भले ही स्मार्टफोन, दवाइयां और पेट्रोलियम उत्पादों पर तकनीकी रूप से टैरिफ का फैसला लागू नहीं है, लेकिन बाजार के गिरते सेंटीमेंट का असर इनके निर्यात पर भी पड़ा है। अक्तूबर के निर्यात में इन उत्पादों की हिस्सेदारी 40.3% थी। इनका निर्यात मई के 3.42 अरब डॉलर से गिरकर अक्तूबर में 2.54 अरब डॉलर रह गया। यानी सीधे तौर पर इसमें 881 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।
- जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के अनुसार भारत से अमेरिका जाने वाला सबसे बड़ा उत्पाद स्मार्टफोन टैरिफ के कारण सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसमें मई की तुलना में 36% की गिरावट आई है। मई में जो निर्यात 2.29 अरब डॉलर था, वह अक्तूबर में सिमटकर 1.50 अरब डॉलर रह गया। केवल स्मार्टफोन के निर्यता में 790 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है।

## जीएसटी संग्रह नवंबर में 1.70 लाख करोड़ रुपये

# दर कटौती से घरेलू राजस्व पर 2.3 प्रतिशत का दबाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

सरकारी आंकड़ों के अनुसार सकल जीएसटी संग्रह नवंबर महीने में 0.7 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं जीएसटी सुधारों के कारण सकल घरेलू राजस्व 2.3 प्रतिशत घटकर 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक रह गया।

सकल जीएसटी संग्रह नवंबर महीने में 0.7 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपये हो गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार घरेलू राजस्व में गिरावट के कारण यह वृद्धि हुई। वहीं पिछले साल नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.69 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। नवंबर में वस्तुओं के आयात से राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 45,976 करोड़ रुपये हो गया।

**जीएसटी सुधारों के कारण सकल घरेलू राजस्व में आई गिरावट-** सकल घरेलू राजस्व 2.3 प्रतिशत घटकर 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक रह गया। यह गिरावट 22 सितंबर से प्रभावी 375 वस्तुओं के लिए जीएसटी दरों में कटौती के बाद आई है।

**रिफंड में मिश्रित गति देखी गई-** रिफंड में मिश्रित गति देखी गई क्योंकि कुल रिफंड 18,196 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में 4% कम है, निर्यात रिफंड में 3.5% की वृद्धि हुई, जबकि घरेलू रिफंड में 12% की गिरावट आई।

**आयात में दिखी तेजी -** इसके विपरीत, आयात से प्राप्त जीएसटी में अच्छी तेजी देखी गई और सकल आयात राजस्व 45,976 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.2% अधिक है।

**सेस में तीव्र गिरावट आई-** क्षतिपूर्ति उपकर, जो एक संक्रमणकालीन उपाय के रूप में जारी है, में तीव्र गिरावट आई और नवंबर में शुद्ध उपकर राजस्व 4,006 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 12,950 करोड़ रुपये से 69% कम है।

**जीएसटी संग्रह को लेकर राज्यों का रुझान-** नवंबर 2025 में सभी राज्यों में जीएसटी संग्रह में मिले-जुले रुझान देखने को मिले। कई पूर्वोत्तर राज्यों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि कई बड़े राज्यों में गिरावट देखी गई। अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय और असम में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें अरुणाचल प्रदेश में 33% की मजबूत वृद्धि सबसे ज्यादा रही। इसके विपरीत, मिजोरम (-41%), सिक्किम (-35%) और लद्दाख (-28%) में भारी गिरावट देखी गई, जो छोटे कर आधारों में अस्थिरता को दर्शाती है।

## सावरकर मानहानि केस- राहुल गांधी की अर्जी पर सुनवाई

### पुणे कोर्ट ने कहा- राहुल उस समन आदेश पर कमेंट न करें जिसे उन्होंने चैलेंज नहीं किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पुणे की MP/MLA स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ वीर सावरकर के बारे में कथित टिप्पणी को लेकर चल रहे मानहानि केस की सुनवाई की। कोर्ट ने बुधवार को कहा कि राहुल ऐसे किसी आदेश पर कमेंट नहीं कर सकते जिसे उन्होंने ऊपरी अदालत में चैलेंज नहीं किया है।

स्पेशल जज अमोल एस शिंदे ने कहा कि यदि राहुल गांधी को समन आदेश पर आपत्ति है तो उन्हें इसे ऊपरी अदालत में चुनौती देनी चाहिए।

राहुल गांधी की ओर से वकील मिलिंद पवार ने समन जारी करने संबंधी पुराने आदेश पर सवाल उठाते हुए कोर्ट में अर्जी दी। इसमें कहा गया कि शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर ने 2023 में जो समन का आदेश लिया था, वह पक्के सबूतों के बिना और दबाव बनाकर जल्दबाजी में हासिल किया गया था।

सत्यकी सावरकर की तरफ से एडवोकेट संग्राम कोल्हटकर ने आरोपों पर आपत्ति लेते हुए कहा कि समन जारी करने का आदेश कोर्ट के पूर्व जज ने सभी सबूतों की जांच करने के बाद दिया था। उन्होंने कहा कि आरोपी पक्ष ने कोर्ट की कार्यप्रणाली पर संदेह जताया है। राहुल पर आरोप है कि मार्च 2023 में राहुल गांधी ने लंदन में वीडी सावरकर की किताब का हवाला देते हुए एक भाषण में दावा किया था कि सावरकर ने और उनके पांच से छह दोस्तों ने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी और उन्हें इससे खुशी हुई थी।

### दिल्ली-मुंबई सहित कई एयरपोर्ट पर हजारों यात्री परेशान

# देशभर में इंडिगो की 150 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल:एयरलाइन कंपनी में क्रू की कमी;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो एक बड़े परिचालन संकट से जूझ रही है। देश के कई एयरपोर्ट्स पर मंगलवार और बुधवार को इंडिगो की 150 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गई। इसकी सबसे बड़ी वजह क्रू की कमी बताई जा रही है।

बुधवार को बेंगलुरु में 42, दिल्ली में 38, मुंबई से 33, हैदराबाद में 19, अहमदाबाद में 25, इंदौर में 11, कोलकाता में 10 और सूरत में 8 फ्लाइट कैंसिल हुईं। बीते दो दिन में कंपनी की 200 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं। सैकड़ों उड़ानें घटों देरी से आना-जाना कर रही है।

इसके कारण हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्री फंस गए हैं। गुरुवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर लोगों की लंबी कतारें देखने को मिली। लोग अपनी-अपनी फ्लाइट्स का घंटों से इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें निराश यात्री एयरलाइन कर्मचारियों से बहस करते नजर आए

एयरलाइन ने बुधवार को अपने एक बयान में कहा कि छोटी-मोटी तकनीकी खराबी, सर्दियों के कारण शेड्यूल में बदलाव, खराब मौसम, एविएशन सिस्टम में स्लो नेटवर्क और क्रू मेंबर्स के शिफ्ट चार्ट से जुड़े नए नियमों (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) के पालन के कारण हमारे ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है। इसका पहले से अनुमान लगाना संभव नहीं था।



दिल्ली एयरपोर्ट पर सैकड़ों यात्रियों ने बुधवार-गुरुवार की रात फ्लाइट का इंतजार करते हुए गुजारी।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने इंडिगो से मौजूदा दिक्कतों के कारणों और उनसे निपटने के लिए प्लानिंग का ब्योरा मांगा है। ऊ्रङ्कअ ने कहा है कि वह मामले की जांच कर रहा है। फ्लाइट्स कैंसिल और देरी कम करने के तरीकों पर आकलन किया जा रहा है।

DGCA के अनुसार, क्रू की कमी इसकी मुख्य वजह है। इंडिगो में यह दिक्कत पिछले महीने से चल रही है। नवंबर में इसकी 1232 उड़ानें रद्द हुईं। मंगलवार को 1400 उड़ानें देरी से चलीं।

DGCA के नियम मार्च 2024 से लागू होने वाले थे, लेकिन एयरलाइनों ने कहा कि इतना बड़ा बदलाव एक बार में संभव नहीं है। हजारों नए क्रू की जरूरत पड़ेगी। रोस्टरिंग सॉफ्टवेयर अपडेट करने में समय लगेगा।

एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (DGCA) ने बुधवार को कहा कि क्रू की दिक्कतों की वजह से इंडिगो में ऑपरेशनल रुकावटें एयरलाइंस की प्रोएक्टिव रिसोर्स प्लानिंग की नाकामी की ओर इशारा करती हैं। यह भी दावा किया कि फ्लाइट्स कैंसिलेशन की घटनाएं DGCA पर दबाव डालने की भी कोशिश हो सकती है। पायलटों के ग्रुप ने DGCA से यह भी अपील की कि वे एयरलाइन के पास मौजूद पायलटों की संख्या पर विचार करें। ताकि रिस्क मैनेजमेंट सिस्टम के नए कॉन्सेप्ट को अपनाया जा सके। आखिर इंडिगो से टेंशन क्यों: इंडिगो के पास सबसे ज्यादा 434 विमान हैं। एक दिन में 2300 से ज्यादा उड़ानें हैं। देश की 60% से अधिक घरेलू उड़ानें इसी के पास हैं। अभी कितना स्टाफ है: अभी इसके पास 5456 पायलट और 10212 केबिन क्रू मेंबर हैं। 41 हजार से ज्यादा स्थाई कर्मचारी हैं।

### यात्रियों के लिए जरूरी जानकारी और सलाह

1. सफर करना है। एयरपोर्ट पर जल्दी पहुंचें। मैन्युअल चेक-इन में 25-40 मिनट अतिरिक्त लग रहे हैं। बैगेज ड्रॉप और सिक्योरिटी चेक में भी देरी।

2. एयरलाइन से फ्लाइट स्टेटस जरूर चेक करें। एप / वेबसाइट पर लाइव स्टेटस। कई एयरलाइंस स्टर/ऐं' नहीं भेज पा रहीं, इसलिए खुद चेक करें।

3. फ्लाइट कैंसिल होने पर क्या विकल्प। फुल रिफंड मिलेगा। अगली उपलब्ध फ्लाइट की रीबुकिंग। कुछ एयरलाइंस 'वाउचर' ऑप्शन भी देती हैं।

4. कनेक्टिंग फ्लाइट वाले यात्री। ओवरलैप या मिस्ड कनेक्शन की संभावना बढ़ी। एयरलाइन कस्टमर सपोर्ट से 'री-रूटिंग' का विकल्प पूछें।

ऊ्रङ्कअ ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नाम दिया गया है। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ।


वहीं 1 नवंबर से दूसरा चरण लागू हुआ, जिसके बाद से एयरलाइन कंपनियों खासतौर से इंडिगो की फ्लाइट्स पर असर दिखने लगा। ऊ्रङ्कअ ने बताया कि नवंबर में इंडिगो की कुल 1,232 उड़ानें कैंसिल की गईं, जिनमें क्रू और नियमों के कारण 755 उड़ानें शामिल हैं। इंडिगो का कहना है कि नए फ्लाइट टाइम लिमिटेशन नियमों के कारण पायलट और क्रू की कमी हुई है।

### मध्यप्रदेश के 10 शहरों का तापमान 10° से कम, यूपी में 7 फ्लाइट कैंसिल

# राजस्थान में तापमान 3.2°, कोल्डवेव का अलर्ट, हिमाचल में पारा शून्य से नीचे पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





राजस्थान में तेजी से सर्दी में बढ़ोतरी हो रही है। गुरुवार सुबह सीकर के फतेहपुर में 3.2त्ड और बीकानेर के लूणकरणसर में 3.2त्ड तापमान रिकॉर्ड हुआ। सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में अन्य जिलों के मुकाबले ज्यादा सर्दी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया है।

इधर पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के ऊंचाई वाली इलाकों में 5 और 7 दिसंबर कोवेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते बर्फबारी-बारिश की संभावना है। हिमाचल के 17 शहरों में मिनिमम टेम्परेचर 5 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ। लाहौल स्पीति के ताबो में -9.8डिग्री, कल्पा में -1.5डिग्री, कुकुमसैरी में -3.9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

मध्यप्रदेश में भी सर्दी का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और फिर बर्फ पिघलने से प्रदेश में सर्दी और बढ़ेगी। तापमान में 2 डिग्री-3 डिग्री तक गिरावट होगी। गुरुवार को भी राज्य के 10 शहरों का तापमान 10त्ड से कम रिकॉर्ड किया गया। उत्तर प्रदेश में भी सर्दी में तेजी आई है। कई शहरों में रात का तापमान सामान्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया। मुजफ्फरनगर सबसे ठंडा रहा, यहां तापमान 7.1त्ड रिकॉर्ड किया गया। विजिविलिटी में कमी के चलते लखनऊ में 20 से अधिक फ्लाइट्स लेट पहुंची, जबकि दिल्ली, कोलकाता और मुंबई की 7 फ्लाइटें कैंसिल रहीं।

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने राजस्थान में सर्दी बढ़ा दी है। प्रदेश के शेखावाटी क्षेत्र में पारा 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। यहां के सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिले में सुबह-शाम कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों तक शीतलहर का प्रभाव रहने की संभावना जताई है। मध्यप्रदेश में अब कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू होगा। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो पहाड़ों में बर्फबारी और फिर बर्फ पिघलने से सर्द हवाएं प्रदेश में आएंगी। जिससे सर्दी का असर बढ़ जाएगा। अगले 2 दिन में भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत कई शहरों के न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी। यूपी के पश्चिमी और पूर्वी संभागों के कई शहरों में रात का तापमान सामान्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश में मुजफ्फरनगर सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 7.1त्ड रिकॉर्ड किया गया। विजिविलिटी में कमी के चलते लखनऊ में 20 से अधिक फ्लाइट्स लेट पहुंची, जबकि दिल्ली, कोलकाता और मुंबई की 7 फ्लाइटें कैंसिल रहीं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू जिला प्रशासन ने रोहतांग पास के लिए वाहनों की आवाजाही 10 दिसंबर तक बहाल कर दी है। इसके बाद, देशभर से कुल्लू-मनाली पहुंच रहे टूरिस्ट बर्फ देखने के लिए रोहतांग पास जा सकेंगे। बीते सोमवार को भी एक दिन के लिए रोहतांग पास को टूरिस्ट भेजे गए। मगर मंगलवार और बुधवार को फिर से पाबंदी लगाई गई।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी दीपक रूनवाल पिता श्री ज्ञानमल रूनवाल, निवासी त्रिपठ मोहल्ला, भाटपचलाना, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन म०प्र०, के एकल स्वत्व व स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 2680/1/1/1/2 रकबा 0-2590 हेक्टेयर जो कि ग्राम कस्बा उज्जैन, तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन म०प्र० में स्थित हैं। उक्त कृषि भूमि में से भूमि रकबा 0.0500 हेक्टेयर भूमि, जिसके पूर्व में राकेश जी सोलंकी (संत श्री टेकचंदजी), पश्चिम में इंद्रदेव महाराज, उत्तर में शासमीय नाला, दक्षिण में सड़क भुखीमाता स्थित हैं, को मय तल भूमि के हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही दस्तावेज अनुबंध पत्र / दस्तावेज विक्रय पत्र का पंजीकरण होना हैं। उक्त संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार एवं राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त संपत्ति कहीं पर विक्रय, रहन, बय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हुई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, शासकीय / अर्द्धशासकीय/अशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07-सात दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त संपत्ति का दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन एवं निष्पादन कर पंजीकरण करा लिया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त वर्णित संपत्ति को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री, विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 03/12/2025, स्थानः उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मोबाईल नं0 87707-18997**

### कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला

# ट्रेनिंग के लिए उड़े थे अमेरिका के एफ-16 फाइटर जेट क्रैश, जमीन से टकराते ही आग लगी

**अधिकारियों के मुताबिक 6 थंडरबर्ड्स जेट ट्रेनिंग के लिए उड़े थे, लेकिन सिर्फ पांच ही लौटे**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका में गुरुवार को एयरफोर्स का एक एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे से कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई।

हादसा लोकल टाइम के मुताबिक सुबह करीब 10:45 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया में ट्रॉना शहर के एक रेगिस्तान में हुआ। विमान ट्रॉना एयरपोर्ट से करीब तीन किलोमीटर दूर गिरा। एयरपोर्ट मैनेजर ने बताया कि इस इलाके में अक्सर मिलिट्री विमान उड़ते रहते हैं। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था और पायलट पैराशूट के सहारे बाहर निकल आया। जमीन से टकराते ही विमान में बड़ा धमाका हुआ और काला धुआं आसमान में भर गया।

### एफ-16 की कीमत 1.70 हजार करोड़ रुपए

एयरफोर्स के 2021 के डेटा के मुताबिक एक एफ- फाइटिंग फाल्कन की कीमत लगभग 18.8 मिलियन डॉलर (करीब 1.70 हजार करोड़ रुपए) है। यह एयरक्राफ्ट थंडरबर्ड्स स्क्वाड्रन का था। यह टीम लास वेगास के पास नेलिस एयरफोर्स बेस से काम करती है और अपने एयर शो और खतरनाक स्टंट्स के लिए दुनियाभर में जानी जाती है। थंडरबर्ड्स टीम ने बताया कि ट्रेनिंग मिशन के दौरान पायलट विमान से सफलतापूर्वक बाहर निकल गया। पायलट को मामूली चोटें आई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

लोकल फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने बताया कि घटनास्थल पर सिर्फ पायलट मौजूद था और आग से आसपास के इलाके को कोई खतरा नहीं है।

### क्रैश का कारण अभी साफ नहीं

अधिकारियों के मुताबिक सुबह 6 थंडरबर्ड्स जेट ट्रेनिंग के लिए उड़े थे, लेकिन सिर्फ पांच ही लौटे। शुरूआती जानकारी के मुताबिक विमान चाइना लेक नेवल एयर वेपन्स स्टेशन के पास गिरा। यह रीजन मिलिट्री ट्रेनिंग के लिए अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। थंडरबर्ड्स के एयर शो और ट्रेनिंग मिशन में एफ- फाइटिंग फाल्कन खास रोल निभाता है। एयरफोर्स की 57वें विंग पब्लिक अफेयर्स ऑफिस के मुताबिक हादसे की जांच जारी है और क्रैश साइट की जांच पूरी होने के बाद और जानकारी शेयर की जाएगी।

### 25 से ज्यादा देश एफ-16 इस्तेमाल करते हैं

एफ-16 अमेरिका का शक्तिशाली फाइटर जेट है, जिसे 1970 के दशक में जनरल डायनामिक्स ने बनाया था। अब इसे अमेरिकी डिफेंस कंपनी लॉकहीड मार्टिन बनाती है। पाकिस्तान समेत 25 से ज्यादा देश ऋ16 इस्तेमाल करते हैं। एफ--16 ने 2 फरवरी 1974 को पहली बार उड़ान भरी थी। इसे 21 जुलाई 1980 को ऱफाइटिंग फाल्कनऱ का नाम दिया गया था। साल 1976 से अब तक 4,600 से भी ज्यादा ऋ16 जेट अलग-अलग देशों के लिए बनाए जा चुके हैं। एफ-16 की स्पीड 2414 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसकी रेंज 4220 किलोमीटर तक है। इसमें एडवांस रडार सिस्टम है। साथ ही ये एडवांस हथियार से लैस होता है।



# ट्रम्प ने 19 देशों के लोगों की नागरिकता प्रक्रिया रोकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 19 देशों के नागरिकों को अमेरिकी नागरिकता और ग्रीन कार्ड देने की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रोक दी है। यह फैसला पिछले महीने व्हाइट हाउस के पास नेशनल गार्ड्स पर एक अफगान शरणार्थी की गोलीबारी के बाद लिया गया है।

इन देशों में अफगानिस्तान, म्यांमार, बुरुंडी, चाड, कांगो, क्यूबा, इक्वेटोरियल गिनी, इरीट्रिया, हैती, ईरान, लाओस, लीबिया, सिएरा लियोन, सोमालिया, सूडान, टोगो, तुर्कमेनिस्तान, वेनेजुएला और यमन शामिल हैं।

यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (वरउक्र) कहा है कि इन 19 देशों के सभी इमिग्रेशन, नागरिकता और ग्रीन कार्ड से जुड़े आवेदन होल्ड पर रहेंगे। ट्रम्प पहले ही इन देशों पर ट्रैवल बैन लगा चुके हैं।

आदेश के मुताबिक 20 जनवरी 2021 के बाद अमेरिका पहुंचे लोगों की दोबारा जांच और इंटरव्यू किया जाएगा। ट्रम्प का कहना है कि इन कदमों से अवैध और परेशानी पैदा करने वाली आबादी को कम किया जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि दूसरी विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में इस तरह की सामाजिक समस्याएं नहीं थीं, लेकिन अब गलत इमिग्रेशन नीतियों की वजह से अपराध और अव्यवस्था बढ़ गई है।




### इमरान की बहन बोलीं- आसिम मुनीर कट्टरपंथी:इस्लाम न मानने वालों से लड़ते हैं, इमरान ने भारत से अच्छे रिश्ते रखने की कोशिश की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खानुम ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर को इस्लामी कट्टरपंथी और रूढ़िवादी बताया। उन्होंने बुधवार को स्काई न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि मुनीर ऐसे लोगों से लड़ना चाहते हैं जो इस्लाम में विश्वास नहीं रखते। अलीमा से जब मई में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सीधे तौर पर आसिम मुनीर पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुनीर अपनी कट्टरपंथी सोच की वजह से भारत के साथ युद्ध करना चाहते हैं।

अलीमा ने अपने भाई इमरान खान को लिबरल बताया। उन्होंने कहा कि जब इमरान खान सत्ता में आए तो उन्होंने भारत और यहां तक कि इस्राइल से भी रिश्ते सुधारने की कोशिश की। जबकि मुनीर बॉर्डर पर तनाव और युद्ध का माहौल बनाते हैं, जिससे भारत और उसके सहयोगी प्रभावित होते हैं।

अलीमा खानुम का दावा है कि इमरान पाकिस्तान के 90% लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए उन्हें अलग-थलग करके शहबाज शरीफ की सरकार पाकिस्तान के लोगों का दमन कर रही है।

अलीमा ने इमरान खान को पाकिस्तान के लिए 'एसेट' बताते हुए पश्चिमी देशों से अपील की है कि वे उनकी रिहाई के लिए मदद बढ़ाएं। इमरान भ्रष्टाचार के मामले में 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं।

### 27 दिन बाद इमरान की परिवार से मुलाकात

इमरान ने कल अपनी उज्मा खान से मुलाकात की थी। इमरान 27 दिन के बाद परिवार का कोई सदस्य मिले थे। इससे पहले उन्होंने 5 नवंबर को अपनी बहन नौरीन खान से मुलाकात की थी। पिछले मंगलवार को इमरान खान से मिलने उनके समर्थक और परिवार वाले पहुंचे थे, लेकिन जेल प्रशासन ने उन्हें इजाजत नहीं दी। इसके बाद यह अफवाह फैल गई थी कि इमरान की मौत हो गई है और पाकिस्तान सरकार इसे छिपा रही है। इसे लेकर पाकिस्तान में बड़ा प्रदर्शन किया गया था, जिसे देखते हुए रावलपिंडी से लेकर इस्लामाबाद तक हाई अलर्ट जारी कर दिया गया था। उज्मा ने बताया इमरान खान की सेहत बिल्कुल ठीक है, लेकिन वे बेहद गुस्से में हैं। उन्हें मेंटली टॉर्चर किया जा रहा है और इस सब के लिए आसिम मुनीर जिम्मेदार हैं। उनकी बाहरी दुनिया तक कोई पहुंच नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे आगे की जानकारी अपनी दोनों बहनों अलीमा खान और नौरीन खान से बातचीत के बाद शेयर करेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुलाकात से पहले भी उज्मा ने अलीमा खान से काफी देर तक बातचीत की थी। आसिम मुनीर, इमरान खान की सरकार के वक्त पाकिस्तान की सीक्रेट एजेंसी क्ककके हेड थे। 2018 तक मुनीर का आर्मी करियर शानदार चल रहा था। मार्च में उन्हें पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान हिलाल-ए-इम्तियाज दिया गया था।

# भारत-रूस एक-दूसरे का मिलिट्री बेस इस्तेमाल कर सकेंगे, रक्षा समझौते को रूसी संसद की मंजूरी, पुतिन के भारत दौरे से पहले ऐलान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने मंगलवार को भारत और रूस के बीच हुए एक सैन्य समझौते 'फ्छडर' को मंजूरी दे दी है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, फैसिलिटीज और संसाधनों का इस्तेमाल और एक्सचेंज कर सकेंगी।

इनके विमान, वॉरशिप ईंधन भरने, मिलिट्री बेस पर डेरा डालने या अन्य लॉजिस्टिक सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस पर आने वाला खर्च बराबर-बराबर उठाया जाएगा। यह मंजूरी राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से दो दिन पहले दी गई है।

यह समझौता इस साल 18 फरवरी को भारत और रूस के बीच किया गया था। पिछले हफ्ते रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने इसे संसद में मंजूरी के लिए भेजा था।



18 फरवरी की यह तस्वीर भारतीय राजदूत विनय कुमार और तत्कालीन रूसी उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन की है, जब फ्छडर समझौता किया गया था। 18 फरवरी की यह तस्वीर भारतीय राजदूत विनय कुमार और तत्कालीन रूसी उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन की है, जब RELOS समझौता किया गया था। रूस-भारत एक दूसरे की आसानी से मदद कर सकेंगे

रूसी संसद के स्पीकर ने कहा कि भारत और रूस के रिश्ते बहुत मजबूत हैं और यह समझौता उन रिश्तों को और बेहतर बनाएगा। रूसी सरकार ने भी बताया कि इस समझौते से दोनों देशों की सैन्य साझेदारी ज्यादा मजबूत होगी और जरूरत के समय एक-दूसरे की मदद करना आसान हो जाएगा।

इस समझौते के बाद भारत ऐसा पहला देश बन जाएगा, जिसका अमेरिका और रूस के साथ सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर साझा करने का समझौता होगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने मंगलवार को भास्कर के सवाल पर इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रूस के साथ यह समझौता अंतिम चरण में है। इससे अमेरिका-रूस के बीच किसी सैन्य टकराव की नौबत पैदा नहीं होगी।

### पुतिन 4 दिसंबर को भारत आ रहे, सीक्रेट जगह रुकेंगे

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को भारत आ रहे हैं। वे नई दिल्ली में 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पुतिन दिल्ली में सीक्रेट जगह रुकेंगे। इसका ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। 4-5 दिसंबर को दिल्ली मल्टी लेयर सिक्योरिटी के घेरे में रहेगी। राजधानी दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में स्वाट टीम, एंटी टेरर स्क्वॉड, क्विक एक्शन टीम्स तैनात रहेंगी। रूस की एडवांस सिक्योरिटी और प्रोटोकॉल टीम के 50 से ज्यादा मेंबर दिल्ली पहुंच चुके हैं। पुतिन की इस यात्रा में सबसे ज्यादा फोकस डिफेंस समझौते पर रहेगा। रूस पहले ही कह चुका है कि वो भारत को अपना रव-57 स्टेल्थ फाइटर जेट देने के लिए तैयार है। यह रूस का सबसे एडवांस लड़ाकू विमान है। भारत पहले ही अपने वायुसेना बेड़े को मजबूत करने के लिए नए विकल्प तलाश रहा है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | श्रे | जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | प | अ | सौ | थी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...


0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# पुतिन का मल-मूत्र भी उठा ले जाते हैं बॉडीगार्ड किले जैसी सुरक्षित कार, खाने की जांच के लिए लैब;

## हर वक्त तैयार रहता है पुतिन का बैक-अप प्लेन



पुतिन के साथ कम-से-कम 100 लोगों का ग्रुप चलता है। इनमें पर्नसल बॉडीगाईस, SBP और फेडरल प्रोटेक्टिव सर्विस यानी FSO की टीम, प्रोटोकॉल ऑफिसर्स, राष्ट्रपति की प्रशासनिक टीम और प्रेस के लोग शामिल हैं।



**FSO के एजेंट रहे ग्लीब काराकुलोव** बताते हैं कि अभी भी पुतिन के साथ किसी यात्रा पर जाने से पहले उनके बॉडीगाईस को दो हफ्तों के लिए क्वारैंटाइन रहना पड़ता है।

तय तारीख और समय पर पुतिन अपने क्रेमलिन स्थित आवास नोवो-ओगारियोवो से **ऑरस सीनेट गाड़ी** में बैठकर वनुकोवो इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए निकलते हैं।



जिस प्लेन पर पुतिन सवार होते हैं, उसके साथ एक या दो बैक-अप प्लेन भी उड़ान भरते हैं।



अगर विदेश में पुतिन के प्लेन में कोई तकनीकी दिक्कत आ जाए तो वह साथ लाए एक्स्ट्रा प्लेन से वापस लौट सकते हैं। किसी भी हाल में दूसरे देश के टेक्नीशियन उनके प्लेन की मरम्मत नहीं कर सकते।



पुतिन के प्लेन को एयरफोर्स के जेट एस्कॉर्ट करते हुए चलते हैं। 2023 में जब पुतिन सऊदी अरब और UAE की यात्रा पर गए थे, तो 4 सुखोई-35 फाइटर जेट ने उन्हें एस्कॉर्ट किया था।



**रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को भारत आ रहे हैं। दो दिन के इस दौरे का सिक्योरिटी इंतजाम हफ्तों से चल रहा है। पुतिन भारत में जो भी खाएंगे, उसकी जांच रूस से लाई गई लैब में होगी। उनकी खास ऑरस सीनेट कार पहले ही एयरलिफ्ट होकर भारत पहुंच जाएगी। और सबसे अनोखी बात- पुतिन का मल-मूत्र तक सील्ड बैग करके मॉस्को भेजा जाता है।**

## चारों टायर पंक्चर होने पर भी चलने वाली गाड़ी

प्लेन की लैंडिंग के बाद पुतिन **ऑरस सीनेट** कार में बैठकर एयरपोर्ट से होटल जाते हैं। ऑरस सीनेट 2018 से पुतिन की स्टेट कार है।




इसे ऑरस मोटर्स ने रूस की सेंट्रल साइंटिफिक रिसर्च ऑटोमोबाइल एंड ऑटोमोटिव इंजन इंस्टीट्यूट यानी NAMI ने साथ डिजाइन किया है। गाड़ी के ज्यादातर सेफ्टी फीचर्स को गुप्त रखा गया है।

## हवा से ही न्यूक्लियर हमले का आदेश दे सकते है



IL-96-300 PU

रूस के राष्ट्रपति इल्यूशिन IL-96-300 PU एयरक्राफ्ट से ट्रैवल करते हैं। इसे फ्लाइंग क्रेमलिन भी कहा जाता है। एयरक्राफ्ट के नाम में PU का रूसी भाषा में मतलब है- **'पंकट उप्रावलेनिया'** यानी **कमांड पोस्ट।**



राष्ट्रपति के इस्तेमाल के लिए इस प्लेन को खास तौर से कस्टमाइज किया गया है। इस पर **रूस के झंडे के रंगों (सफेद, नीला और लाल)** वाली पट्टियां बनी हैं। इसकी **टेल पर रूस का झंडा** भी बना हुआ है।

हवाई यात्राओं में यह प्लेन ही उनका ऑफिस होता है। इसमें एडवांस कम्युनिकेशन सिस्टम लगा है। इसके एडवांस सिक्योरिटी फीचर्स मिसाइल हमले से भी पुतिन की रक्षा करते हैं।





प्लेन के अंदर इमरजेंसी के लिए एक न्यूक्लियर कमांड बटन है, जिसका इस्तेमाल कर पुतिन हवा से ही अपनी सेना को परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की इजाजत दे सकते हैं।

इसके अंदर कई मीटिंग रूम, कॉन्फ्रेंस रूम, बेडरूम, बार, जिम और मेडिकल रूम भी हैं। एयरक्राफ्ट का इंटीरियर गोल्ड प्लेटेड है। एक बार में इसमें 262 लोग यात्रा कर सकते हैं।



## पुतिन से पहले पहुंच जाता है टॉयलेट, टेलिफोन बूथ



AI GENERATED



पुतिन की सुरक्षा का जिम्मा प्रेसिडेंशियल सिक्योरिटी सर्विस यानी SBP के पास है। यात्रा से पहले SBP उस देश के क्राइम रेट, आतंकवाद, प्रोटेस्ट और धार्मिक गतिविधियों की स्टडी करती है।

यात्रा के कम-से-कम एक महीने पहले एक एडवांस सिक्योरिटी टीम भेजी जाती है, जो उस होटल की जांच करती है जहां पुतिन ठहरने वाले होते हैं।



इस टीम में रूस की प्रमुख सुरक्षा एजेंसी फेडरल सिक्योरिटी सर्विस यानी FSB और फॉरेन इंटेलिजेंस सर्विस यानी SVR के सदस्य होते हैं।

राष्ट्रपति के पहुंचने से पहले कमरे से खाने-पीने और पर्सनल इस्तेमाल का सभी सामान जैसे साबुन, शैंपू, हैंडवॉश, टूथपेस्ट हटा दिया जाता है और रूस से लाया सामान रखते हैं।

पुतिन मोबाइल फोन इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि सुरक्षित कम्युनिकेशन लाइन के जरिए बातचीत करते हैं। इसके लिए उनकी टीम कमरे में एक टेलिफोन बूथ इंस्टॉल करती है।



पुतिन होटल के बाथरूम का भी इस्तेमाल नहीं करते। उनकी टीम रूस से ही एक मोबाइल बाथरूम लेकर आती है, जिसे होटल रूम में सेटअप किया जाता है।

■ वर्ष-12 अंक-32 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 04 दिसम्बर, 2025

### सुभाषितानि

आरोग्य बुद्धि विनयोद्यम शास्त्ररागा:।
आभ्यन्तरा: पठन सिद्धिकरा: भवन्ति।।

**भावार्थ** : स्वास्थ्य, बुद्धि, विनय, उद्यम और शास्त्रों के प्रति प्रेम ये पाँच आंतरिक गुण हैं जो पढ़ने के लिए आवश्यक हैं।

**आयुः कर्म च विद्या च वित्तं निधनमेव च।**
**पञ्चैतानि विलिख्यन्ते गर्भस्थस्यैव देहिनः।।**

**भावार्थ** : आयुष, (स्थिर) कर्म, विद्या (शाखा का), वित्त (गौरव का), और मृत्यु, ये पांचों शरीर के गर्भ में स्थित हैं।

## सम्पादकीयम्

### न कदापि विलम्बेन श्रेष्ठम्

ग्राण्ड एलायन्स इत्यनेन तेजशवी यादव इत्यस्य मुख्यमन्त्रिमुखीमुखरूपेण बिहारसभानिर्वाचनस्य घोषणा कृता अस्ति। एषः निर्णयः बहु संघर्षस्य अनन्तरं गृहीतः अस्ति। काङ्ग्रेस-आरजेडी-योः मध्ये सीट-साझेदारी-सम्बद्धेषु किञ्चित् दौर्बल्यं आसीत्। एनडीए अस्मिन् समये उट अभ्यर्थी कञ्चित् न कृतवान्। ग्राण्ड गठबन्धन अन्ततः बिहार विधानसभा निर्वाचनों के लिए अपने सीएम चेहरे घोषित किया है। तेजशवी यादवः भव्यगठबन्धनस्य मुख्यमन्त्रितायाः उम्मीदवारः भविष्यति। अस्मिन् निर्णये प्राप्तुं दीर्घकालं यावत् चर्चां कृत्वा संघर्षं च कृतवान्। अन्ततः, ग्राण्ड गठबन्धनस्य घटकपक्षैः तेजशवी इत्यस्य नाम मुद्रितं कृत्वा एकतायाः सन्देशं दातुं प्रयत्नः कृतः अस्ति। अयं निर्णयः पटनानगरे आयोजिते पत्रकारसम्मेलने गृहीतः, यत्र गठबन्धनस्य सर्वाणि प्रमुखाणि मुखानि उपस्थितानि आसन्। परन्तु अधिकतमं ध्यानं काङ्ग्रेस-आरजेडी-योः नेतारः आसीत्, यतः सीट-साझेदारी-सीएम-अभ्यर्थी-योः वास्तविकः विषयः एतयोः पक्षयोः मध्ये अटितः आसीत् अस्य विलम्बस्य कारणात् भव्यसङ्घटनस्य भ्रमः वर्धमानः आसीत्। कतिपयदिनानि पूर्वं मुकेशसनी उक्तवान् आसीत् यत् भव्यगठबन्धनं किञ्चित् अस्वस्थम् अस्ति, येन सूचितं यत् वस्तुनि कार्यं न कुर्वन्ति इति। काङ्ग्रेसपक्षतः तेजशवी-नामस्य प्रत्यक्षविरोधः कदापि नासीत्, केवलं कोऽपि सहमतिः व्यक्तः नासीत्।

#### जैविकं उच्चप्रौद्योगिकीयुक्तं च कृषिं शिक्षितुं

## इजरायलदेशं कृषकान् प्रेषयितुं नीतीशकुमारस्य निर्णयः



ब्रह्मास्त्र ›› पटना

बिहारस्य नीतीशकुमारसर्वकारेण कृषिक्षेत्रे क्रान्तिं कर्तुं ऐतिहासिकं महत्त्वाकांक्षिणीं योजनां अनुमोदितम्। मुख्यमन्त्री नीतीशकुमारः राज्यस्य कृषकान् उन्नतानि उच्चप्रौद्योगिकीयुक्तानि कृषिविधयः शिक्षितुं विदेशेषु प्रेषयितुं सज्जतां प्रारब्धवान्। अस्याः सर्वकारीय-उपक्रमस्य मुख्यं उद्देश्यं कृषकान् आधुनिक-प्रौद्योगिकीभिः सुसज्जयितुं, जैविक-कृषेः प्रचारं कर्तुं, सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णं च, न्यून-व्ययेन अधिकं उत्पादनं कृत्वा तेषां आयं बहुगुणं वर्धयितुं च अस्ति अयं निर्णयः बिहारस्य कृषिपरिदृश्यस्य पूर्णरूपेण परिवर्तनस्य क्षमताम् अस्ति तथा च मुख्यमन्त्रिणः नूतनसर्वकारस्य बृहत्तमेषु केन्द्रक्षेत्रेषु अन्यतमः इति मन्यते।

मुख्यमन्त्री नीतीशकुमारः स्वस्य नूतनकार्यकाले कृषिं ग्रामीणविकासं च केन्द्रीकृत्य द्वौ प्रमुखौ योजनां घोषितवान्- सीएम विश्वकृषि एआइ-जनरेटेड् भ्रमणयोजना तथा मुख्यमन्त्री ग्रामीणहाटविकासयोजना इति। पूर्वयोजनायाः अन्तर्गतं कृषकाः उन्नतप्रौद्योगिकीप्रशिक्षणार्थं विदेशेषु प्रेषिताः भविष्यन्ति, उत्तरार्द्धाः ग्रामीणहाटाः (बाजाराः) आधुनिकसुविधाभिः सुसज्जिताः भविष्यन्ति। कृषिविभागाय आगामिपञ्चवर्षेभ्यः दृष्ट्या उभययोजनानां विस्तृतप्रस्तावानां निमार्णं कर्तुं निर्देशः दत्तः, येन सूचितं यत् एषा उपक्रमः केवलं अस्थायीघोषणा एव न अपितु दीर्घकालीनरणनीत्याः भागः अस्ति।

कृषकान् उच्चप्रौद्योगिकीयुक्तान् कर्तुं विदेशयात्रा सर्वकारस्य विश्वकृषिभ्रमणयोजनायाः अन्तर्गतं प्रतिवर्षं राज्यस्य कृषकाणां समूहः विदेशेषु प्रेषितः भविष्यति। आधुनिकसिञ्चनव्यवस्थानां (ड्रिप् इरिगेशन) शाकउत्पादनस्य च क्षेत्रे विश्वस्य अग्रणीः प्रौद्योगिक्याः उन्नतः च देशः इति मन्यमानः इजरायलः अस्याः योजनायाः कृते विशेषतया चयनितः अस्ति इजरायल्-देशः जलप्रबन्धनव्यवस्थाभिः, उच्च-उत्पादक-कृषि-पद्धतिभिः च विश्वव्यापीरूपेण प्रसिद्धः अस्ति, यत् बिहार-सदृशस्य कृषि-राज्यस्य कृते अत्यन्तं उपयोगी सिद्धं भवितुम् अर्हति . योजनायाः प्रथमचरणे बिहारसर्वकारः ४० कृषकाणां प्रथमसमूहं इजरायलदेशं प्रेषयिष्यति। एतेषां कृषकाणां कृते नवीनतमशाकउत्पादनविधिषु, जलकुशलसिञ्चनपद्धतिषु, उन्नतजैविककृषीविधिषु च प्रशिक्षिताः भविष्यन्ति। कृषिं ज्ञात्वा इजरायलदेशात् प्रत्यागच्छन्तः एते कृषकाः न केवलं स्वस्य कृषिकार्यं परिवर्तयन्तु अपितु तेषां गुरुप्रशिक्षकरूपेण अपि विकासं कुर्वन्तु इति सर्वकारस्य अभिप्रायः अस्ति।

#### मार्गशीर्षमासस्य

### शुक्लपक्षस्य एकादशीतिथिः मोक्षदा एकादशी इति ख्यातः

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैयनी

मार्गशीर्षमासस्य शुक्लपक्षस्य एकादशीतिथिः मोक्षदा एकादशी इति ख्यातः। यथा नाम सूचयति धमार्नुसारम् अस्मिन् दिने उपवासं कृत्वा पूर्णभक्त्या पूजां कुर्वन्तः भक्ताः सर्वपापक्षम्य मोक्षं प्राप्नुवन्ति। एषा एकादशी न केवलं मोक्षद्वारं उद्घाटयति अपितु सौभाग्यस्य समृद्धेः च प्रतीकं मन्यते। अस्मिन् दिने भगवता विष्णुना सह लक्ष्मीं पूजयित्वा जीवने शुभं भवति, सर्वकामना पूरयति च। मोक्षदा एकादशी व्रत की समीचीन तिथि पञ्चाङ्गानुसारम्- अस्मिन्- वर्षे मोक्षदा एकादशी उपवासस्य तिथयः निम्नलिखितरूपेण सन्ति। कष्टेभ्यः मुक्तिं प्राप्तुं मोक्षदा एकादशीयां दीपस्य उपयोगेन एतानि ४ चमत्कारिकानि उपायानि कुर्वन्तु।

धमार्नुसारं एकादश्यां उपवासः भगवतः विष्णुस्य आशीवार्दं प्राप्तुं सरलतमः उपायः इति मन्यते। उज्जैन-नगरस्य ज्योतिषी पण्डित-आनन्द-भारद्वाजस्य मते अस्मिन्- पवित्रे दिने दीप-सम्बद्धाः केचन विशेष-उपचाराः करणं जीवनस्य महत्तम-दुःख-भय-दुःख-वित्तीय-संकट-शमनं कर्तुं शक्नोति। दीपस्य प्रकाशः न केवलं तमः अपसारयति अपितु नकारात्मकशक्तिं अपि दूरीकरोति। मोक्षदा एकादशीयां सुखसमृद्धिं, क्लेशमुक्तिं च प्राप्तुं दीपस्य उपयोगेन एतानि चत्वारि संस्काराणि अवश्यं कुर्वन्तु- १. मुख्यद्वारे प्रकाशः- मोक्षदा एकादशीरात्रौ मुख्यद्वारे दीपं स्थापयेत्। एवं कृत्वा गृहात् नकारात्मकशक्तिः अवरुद्धा भवति, शुभं, शान्तिः, समृद्धिः च गृहे प्रविशति इति विश्वासः अस्ति। एषः दीपः गृहस्य कृते रक्षात्मककवचरूपेण कार्यं करोति। भगवान् विष्णु के सम्मुख घृतदीप : मोक्षदा एकादशी के सायंकाले भगवान विष्णु के सम्मुख घृतदीप प्रज्वलित कर देना अत्यन्त शुभ मानना है।

### राजनैतिकध्रुवीकरणं चरमसीमायां वर्तते

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

भागवतः स्वसम्बोधने एतदपि स्पष्टीकरोति यत् आरएसएस विवादं परिहरति, सहकार्ये प्रगते च विश्वासं करोति। एषा टिप्पणी आरएसएस-सङ्घस्य विभिन्नैः सामाजिकैः धार्मिकैः समूहैः सह संवादं स्थापयितुं, सामञ्जस्यं च निमार्तुं नीतिं प्रतिबिम्बयति। परन्तु आरएसएस-सङ्घस्य क्रियाकलापस्य विषये अपि प्रश्नाः उत्पद्यन्ते, येषां विषये समीक्षकाः प्रायः विवादास्पदं मन्यन्ते। समग्रतया मोहनभागवतस्य वक्तव्यं संघस्य वैचारिकदिशायाः महत्त्वपूर्णः सूचकः अस्ति। एतत् संघं राजनैतिकलेबलं अतिक्रम्य भारतीयसंस्कृतेः निहितमूल्यानां आधारेण सांस्कृतिकराष्ट्रवादं मूर्तरूपं ददातिः सहकार्यं समन्वयं च। परन्तु एतत् कथनं निःसंदेहं आगामिदिनेषु विचारकाणां, राजनेतानां, माध्यमानां च मध्ये दीर्घकालं यावत् वादविवादस्य विषयः।

### राशिफल

**मेष** : पैसों की बचत जरूर करें। कुछ भी खरीददारी करने से पहले सोचें कि ये आपके लिए कितना काम आने वाला है।

**वृषभ** : धैर्य बनाकर रखें। आज होने वाले खर्चों की एक लिस्ट बना लें ताकि फालतू की चीजें ना खरीदें।

**मिथुन** : रिश्ते में प्यार के नए पहलू तलाशें। खर्च की अधिकता रहेगी। शाम तक मूड बेहतर रहेगा।

**कर्क** : आज के खर्चों पर नजर बनाए रखें। आज आपको अपनी सेहत का ध्यान रखने की जरूरत है।

**सिंह** : पैसे और हेल्थ के मामले में आज आपका दिन सही जाने वाला है। इन्वेस्टमेंट से पहले सोच-विचार लें।

**कन्या** : पैसों के मामले में सारे फैसले सोच-समझकर लें। आज आपकी सेहत सही रहेगी।

**तुला** : कुछ बदलाव आपको परेशान कर सकते हैं, लेकिन सावधानी से आगे बढ़ना और अपने टास्क में समझदारी बरतना महत्वपूर्ण है।

**वृश्चिक** : ऐसे में इन्वेस्टमेंट के वक्त थोड़ा संभलकर रहें। आज आपकी हेल्थ सही रहेगी।

**धनु** : सफल पेशेवर जीवन का आनंद लें। आप सारे फैसले अपने फेवर में ही लेंगे जो आगे चलकर काम आएगा।

**मकर** : अपने काम की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ठोस बदलाव करें। आपका स्वास्थ्य भी सकारात्मक रहेगा।

**कुंभ** : मन खुला रहेगा, आप फैसले ले सकेंगे। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है और बचत करने में सफल हो सकते हैं।

**मीन** : नौकरी खोजने के विकल्प खुले रखें, क्योंकि हो सकता है कि आपको कुछ बेहतर पाने का मौका मिले।

## ज्योतिष/वास्तु

# धनु में ग्रहों का संयोग इन राशियों के लिए रहेगा खास, 2026 तक मिलेगी सफलता

राशि चक्र की 9वीं राशि धनु है, जिसके स्वामी देवगुरु बृहस्पति हैं। इस राशि वालों पर गुरु बृहस्पति सदैव प्रसन्न रहते हैं और उनकी कृपा से इन जातकों के मान-सम्मान में वृद्धि, पद-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी और रिश्तों में प्रेम-विश्वास बढ़ता है।

राशि चक्र की 9वीं राशि धनु है, जिसके स्वामी देवगुरु बृहस्पति हैं। इस राशि वालों पर गुरु बृहस्पति सदैव प्रसन्न रहते हैं और उनकी कृपा से इन जातकों के मान-सम्मान में वृद्धि, पद-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी और रिश्तों में प्रेम-विश्वास बढ़ता है। जल्द इस राशि में ग्रहों का एक खास संयोग बनने जा रहा है, जिसके प्रभाव से धनु संग कई अन्य राशियों को भी विशेष लाभ की प्राप्ति संभव हैं।

दरअसल, ग्रहों के सेनापति मंगल 7 दिसंबर को वृश्चिक राशि से धनु राशि में प्रवेश कर जाएंगे। इसके बाद सूर्य भी 16 दिसंबर को धनु में अपना स्थान लेंगे। शुक्र 20 दिसंबर को इसी राशि में एंट्री कर जाएंगे। फिर 29 दिसंबर को धनु राशि में बुध अपना स्थान लेंगे। ऐसे में दिसंबर माह में धनु राशि में ग्रहों का महासंयोग होने जा रहा है, जो इन राशियों के लिए शुभ हो सकता है। इसके प्रभाव से इन जातकों को 2026 में भी अच्छे परिणामों की प्राप्ति संभव है। आइए इसके बारे में जानते हैं।



**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए समय शुभ रहेगा। आपको व्यापार में मनचाहा साथी मिलेगा जिससे अपने कारोबार को आगे ले जाने में कामयाब रहेंगे। यह समय आपके प्रमोशन के साथ-साथ निजी जीवन में आगे बढ़ने वाला भी रहेगा। आपको सभी ओर से शुभ समाचार मिलेगा। नौकरी में अधिकारी लोग किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का भार सौंप सकते हैं, जिस प्रोजेक्ट पर आप काम करने के लिए बरसों से प्रयास थे। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल बना हुआ है। घर से दूर रहने वालों को स्वजनों के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए समय नए बदलावों से भरा रहेगा। आपकी नौकरी-कारोबार को लेकर चल रही समस्याएं समाप्त होगी। कार्यस्थल पर चल रही पुरानी समस्याओं से छुटकारा मिलने की भी पूरी संभावना है। इस समय कर्क राशि वालों को उच्च अधिकारियों के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। निवेश को लेकर आपके द्वारा लिया गया निर्णय भविष्य में सुखद परिणाम देगा। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य की दृष्टि से आप ऊजार्वान और फिट रहेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए समय शुभ रहने वाला है। करियर अथवा कारोबार के सिलसिले में लंबी या छोटी दूरी की यात्रा संभव है। आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा दोनों बढ़ेंगे। इस समय समाज में आपकी प्रतिष्ठा और सम्मान में वृद्धि होगी। निवेश के लिए दोस्तों के साथ किसी योजना का हिस्सा बनेंगे। इससे भविष्य में लाभ संभव है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।करियर के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी। धन कमाने और बचत करने में सफल रहेंगे। नौकरी पेशा जातकों को पदोन्नति मिलने की संभावना है।

## खबर एक नजर...

### गाड़ी तेज चलाने की बात पर युवक से मारपीट

**उज्जैन।** मक्सीरोड़ पंवासा स्थित प्रतापनगर में गाड़ी तेज चलाने पर मना करने की बात पर विवाद हो गया। चार युवको ने मिलकर एक युवक के साथ मारपीट की। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि मारपीट में महेश पिता बाबूलाल राजोरिया 40 साल निवासी प्रतापनगर घायल हुआ है। घायल की शिकायत पर विशाल, कुलदीप, कमल और संतोष के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घायल महेश ने शिकायत में बताया कि घर के पास रहने वाले विशाल का जन्मदिन था, उसके दोस्त बाइक से आये थे और तेज चला रहे थे, क्षेत्र में बच्चे खेल रहे थे, उन्हे बाइक तेज चलाने से मना किया तो चारों ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार घायल महेश का मेडिकल परीक्षण कराया है। मारपीट करने वालों की तलाश कर घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

### कार चालक ने बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर

**उज्जैन।** तराना मार्ग ग्राम नहारिया मोड़ पर बीती शाम तेजगति से दौड़ती कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। बाइक पर सवार 4 साल की बालिका परी, उसके पिता जितेन्द्र हनोतिया और मां सुशीला निवासी ग्राम बदरखा बैरासिया घायल हो गये। घायल परिवार को लोगों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। जहां बालिका परी को गंभीर चोंट होने पर भर्ती किया गया। चिमनगंज थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामूली रूप से घायल जितेन्द्र और उसकी पत्नी सुशीला ने बताया कि वह रिश्तेदारी में कार्यक्रम होने पर मक्सी गये थे। जहां से वापस लौटते समय कार ने टक्क मारी है। एकलौती बेटी को ज्यादा चोंट लगी है। डॉक्टरों ने हालत खतरे से बाहर बताई है, लेकिन ठीक होने में समय लग सकता है।

### कार पेंटर को 4 अज्ञात बदमाशों लात-घूंसों से पीटा

**उज्जैन।** पंवासा क्षेत्र में रहने वाला सोनू पिता सुरेश पंवार कार पेंटर का काम करता है। रात में वह दूध लेकर घर लौट रहा था। उसी दौरान शीतल पब्लिक स्कूल के पास चार बदमाशों ने उसे रोक लिया। चारों शराब के नशे में थे, बदमाशों ने पहले गाली-गलौच की, फिर लात-घूंसों से हमला कर दिया। बदमाश जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत सोनू ने पंवासा थाना पुलिस को दर्ज कराई। उसका कहना था कि किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, मारपीट करने वालों को पहचानता भी नहीं है। पुलिस ने बदमाशों का पता लगाने के लिये आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखकर पहचान करने की बात कहीं है।

### मशीन मालिक की लापरवाही से गई थी मजदूर की जान

**उज्जैन।** 95 दिन पहले भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम निमाड़ी में राम मंदिर के पास छत भरने की लिफ्ट मशीन से गिरने पर 17 साल के मजदूर बद्रीलाल उर्फ बदूड़ा पिता मडिया डामर निवासी ग्राम हरथल रावटी रतलाम की मौत हो गई थी। भाटपचलाना थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि जांच में सामने आया कि छत भरने की लिफ्ट मशीन को चालक संजय धाकड़ निवासी खाचरौद ने लापरवाही पूर्वक हाई वाल्टेज लाइन के नीचे खड़ा किया था। मजदूर बद्रीलाल मशीन पर बैठा था, खड़े होने के दौरान उसे विद्युत लाइन से करंट लगा था और नीचे गिरने पर उसकी मौत हो गई थी। जांच में चालक की लापरवाही सामने आने पर उसके खिलाफ धारा 106 (1) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 669-1 | 255-2 |
| मिलन डे | 128-1 | 120-3 |
| मधुर डे | 188-7 | 359-7 |
| मधुर नाइट | 168-5 | 469-9 |

1 5 6

### मंगलनगर-खिलचीपुर में फैलाई थी दहशत, मक्सीरोड से हिरासत में आये

# तोड़फोड़-आगजनी करने वाली बरगुंडा गैंग का निकाला जुलूस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




उज्जैन। आगररोड खिलचीपुर और मंगलनगर में कुछ दिन पहले वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी करने वाले बरगुंडा गैंग के 3 बदमाश मक्सीरोड से पुलिस की हिरासत में आ गये। बुधवार को बदमाशों की दहशत कम करने के लिये पुलिस ने क्षेत्र में जुलूस निकाला। बदमाशों पर कई मामले दर्ज है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के खिलचीपुर में 1 दिसंबर की रात ढाई बजे खंडेश्वर महादेव मंदिर के पास खड़ी डीजे गाड़ी में बरगुंडा गैंग के बदमाशों ने आग लगा दी थी। बदमाशों ने डीजे गाड़ी का संचालन करने वाले करण पटेल और उसके काका के पुत्र गणेश पटेल के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। इस घटना से 2 दिन पहले बरगुंडा गैंग ने मंगलनगर में घरों के बाहर खड़ी कुछ आटो में तोड़फोड़ कर दहशत फैलाई थी। पुलिस हिस्ट्रीशिटर गैंग के बदमाशों की तलाश कर रही थी। बुधवार तड़के पुलिस को पता चला कि बरगुंडा गैंग के तीन बदमाश सूरज उर्फ जुड़ा पिता मुकेश यादव मंगल नगर, चंचल उर्फ चवन्नी पिता बद्रीलाल बरगुंडा और अर्जुन पिता महेश बरगुंडा फिर किसी वारदात की फिराक में है। एसआई लक्ष्मण उईके, आनंद सोनी, प्रधान आरक्षक रानी कौशिक महेश बैस, मनोज कटारिया, आरक्षक आनंद मिश्रा, अंकित नेगी टीम के साथ घेराबंदी के लिये पहुंचे और तीनों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ पूर्व में हफ्ता वसूली, मारपीट, डराने-धमकाने, तोड़फोड़ करने के कई मामले दर्ज थे। दोपहर में पुलिस बरगुंडा गैंग के तीनों बदमाशों को दोनों वारदातों की तस्दीक के लिये जुलूस के रूप में लेकर मंगलनगर पहुंची। जहां से तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। बदमाशों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

**4 गिरफ्तारी वारंट में थी तीनों की तलाश-** चिमनगंज थाना एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि बरगुंडा के गैंग के बदमाशों के खिलाफ चिमनगंज थाना क्षेत्र के 2 अपराधों में गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका था, वहीं इंदौर के अपराधिक मामलों में भी 2 गिरफ्तारी वारंट जारी थे। जिसमें बदमाशों की तलाश थी। गिरफ्त में आने पर चिमनगंज क्षेत्र के वारंट तामिल कराये गये है। इंदौर पुलिस उज्जैन आकर वारंट तामिल करायेगी और न्यायालय से प्रोटेक्शन वारंट जारी करायेगी।

#### सोशल मीडिया पर दहशतभरी पोस्ट

बदमाशों द्वारा लम्बे समय से अपराधों का अंजाम दिया जा है। बरगुंडा गैंग के सदस्य सोशल मीडिया पर भी दहशतभरी पोस्ट डालते है। पूर्व में भी कई बार बदमाशों की पोस्ट सामने आ चुकी है। पूर्व में की गई कार्रवाई के बाद भी बदमाशों की अपराधिक गतिविधियां कम नहीं हो रही है।

#### मारपीट में घायल हुए थे बदमाश

क्षेत्र में निकाले गये जुलूस के दौरान बरगुंडा गैंग के बदमाश लगड़ा कर चल रहे थे। उनके घायल होने का कारण सामने आया कि 2 दिन पहले बदमाश खिलचीपुर घाटी पर वारदात के इरादे से पहले थे, जहां कुछ लोगों ने घेर लिया था और पीटा था, चोंट लगने के बाद भी बदमाश भाग निकले थे। जिसके चलते पुलिस की हिरासत में आने पर लगड़ा रहे थे।

## मृतक मजदूर की नहीं हुई पहचान


ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



घासमंडी चौराहा से मंगलवार सुबह 40 साल के व्यक्ति का शव माधवनगर थाना पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद किया था। मृतक मजूदर था, जो घासमंड़ी सराय में रहता था। लोगों से पूछताछ में पता चला था कि कुछ दिनों से बीमार था, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कक्ष भेज परिजनों की तलाश शुरू की थी, लेकिन बुधवार दोपहर तक उसके परिजनों का पता नहीं चल पाया। मृतक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज भी नहीं मिला था। जिसके चलते पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और शव चक्रतीर्थ के पास दफना दिया।

## ड्रायवर और मजदूर ने लगाई फांसी, दोनों अविवाहित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



देसाईनगर में रहने वाले ड्रायवर और पंवासा क्षेत्र के मजदूर ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव परिजनों ने घर में लटके देखे। दोनों अविवाहित थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के देसाईनगर में रहने वाला सुरेश पिता रामदयाल अखंड 55 साल सुबह घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। उसे वृद्ध मां रामकुंवरबाई ने देखा और आसपास के लोगों की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंची। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया, परिजनों ने बताया कि सुरेश की शादी नहीं हुई थी। ड्रायवरी करता था और शराब पीने का आदी हो चुका था। रात में भी नशा कर घर लौटा था। कुछ देर बाद ही पंवासा क्षेत्र में युवक द्वारा फांसी लगाने की खबर सामने आई। पंवासा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाला ईश्वर पिता रमेश सोलंकी 40 साल है। भाई ने उसे रस्सी के फंदे पर लटका देखा। परिजनों ने बताया कि मजदूरी करता था, शादी नहीं हुई थी। ईश्वर का मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। उसका उपचार भी कराया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और फांसी लगाने के कारण की जांच शुरू की है।

# चाकू की नोंक पर बहन के साथ लूट करने वाला भाई मकान भी हड़पना चाहता था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



चाकू की नोंक पर बहन के साथ लूट करने वाला भाई मकान भी हड़पना चाहता था। उसके घर से लूट की राशि बरामद के साथ मकान के दस्तावेज भी जप्त किये गये। हिरासत में आने के बाद भी भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का भरोसा तोड़ने भाई को अपने किये पर तनिक पछतावा नहीं था।

अंकपात मार्ग पर रहने वाली संपत्तबाई पति स्व. भैरूलाल गेहलोत 65 साल आयुर्वेदिक कॉलेज में खाना बनाने का काम करती थी। सेवानिवृत्त होने के बाद वह मंगलनगर में रहने वाले भाई देवीलाल के भरोसे थी। लेकिन ढोल बजाने के साथ इलेक्ट्रिशियन का काम करने वाले भाई की मंशा कुछ ओर थी। उसने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को तोड़ने की योजना बना रखी थी। बहन के रूपयों के साथ मकान भी हड़पना चाहता था। सोमवार को बहन संपत्तबाई एसबीआई चिमनगंज शाखा बैंक से 4 लाख रुपए निकालने पहुंची थी। तभी भाई ने बहन का लूटने की योजना बनाई। जबकि बहन उसे साढ़े तीन लाख रुपए देकर घर जाने का बोल चुकी थी और 50 हजार लेकर बाजार से काजू-बादाम और सामान खरीदने का बोलकर पैदल चली गई। देवीलाल 50 हजार रुपए भी छोड़ना नहीं चाहता था, उसने योजना के मुताबिक बहन का पीछा किया और हीरामिल की चाल में सुनसान जगह देख चाकू की नोंक पर मारपीट करते हुए 50 हजार रुपए भी लूट लिये। वारदात के दौरान उसने अपना चेहरा छुपा लिया था, जिसके चलते वृद्ध बहन उसे पहचान नहीं पाई थी। मामला देवासगेट थाने पहुंचने के बाद प्रभारी अनिला पाराशर, एसआई राधेश्याम आवलिया, प्रधान आरक्षक अवधेश, धर्मेन्द्र ने टीम के साथ बदमाश का पता लगाना शुरू किया और कैमरों के फुटेज देखे। भाई की गतिविधियां संदिग्ध दिखाई दी और हिरासत में लिया। पूछताछ में उसके घर से लूट के 50 हजार और बहन द्वारा दिये गये 3.50 लाख रूपयों के साथ मकान के दस्तावेज भी बरामद हो गये। बुधवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां बहन ने टूटते रिश्ते को बचाने के लिये भाई की गलती को नजरअंदाज किया। जिसके चलते उसे जमानत मिल गई।

#### बुलाने पर भी नहीं आया था अस्पताल

थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि कैमरों के फुटेज देखने पर दोनों भाई-बहन चामुंडा माता चौराहा तक दिखाई दिये थे, लेकिन देवीलाल की गतिविधियां संदिग्ध नजर आई थी। संपत्तबाई के साथ घटना और घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उसे कॉल किया गया था, लेकिन उसने गांव आने की बात कहीं थी और काम खत्म होने पर आने के लिये। उसे बहन को गंभीर चोंट लगने और वारदात होने की बात बताई, लेकिन फिर भी नहीं आया। उस पर शंका ओर गहरा गई थी। वह रात में 9 बजे के लगभग अस्पताल पहुंचा, उस दौरान भी सवालों से बचने का प्रयास करता रहा। हिरासत में लेकर सख्ती की गई तो टूट गया और अपना गुनाह कबूल कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने के बाद लूटे गये 50 हजार और आरोपी भाई को दिये गये 3.50 लाख रुपए संपत्तबाई को लौटा दिये गये है।

## बाल हनुमान पर नौ दिवसीय हनुमान अष्टमी महोत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में स्थित जय श्री बाल विजय मस्त हनुमान मंदिर पर हनुमान अष्टमी महोत्सव पर्व को विशेष उत्सव के रूप में मनाया जाता है। श्रीराम कथा व्यास सुलभ शांतु जी महाराज जिनके संयोजन में ये संपूर्ण उत्सव मनाया जाएगा उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जूना महाकालेश्वर प्रांगण स्थित बाबा बाल हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान अष्टमी महापर्व को नौ दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। जिसका प्रारंभ 4 दिसम्बर गुरुवार को प्रातः काल पंचामृत स्नान कराकर श्री बाल हनुमान जी के श्रृंगार से होगा। मंदिर में बाल हनुमान जी के सम्मुख विशेष राम दरबार सजाया जाएगा। जिसमें नौ दिवसीय अखण्ड रामायण का पाठ होगा। दोपहर 4 बजे श्री रामचरितमानस जी का पौथी पूजन होगा और इसी के साथ नौ दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ प्रारम्भ हो जाएगा जो सतत नौ दिनों तक चलेगा।

11 दिसंबर गुरुवार को बाल हनुमान मंदिर के गर्भगृह पर 8 किलो चाँदी से बना नवीन द्वार लगाया जाएगा। 15 लाख की कीमत से बने इस चाँदी द्वार पर आकर्षक कारीगरी की गई है। साथ ही द्वार के दोनों ओर हनुमानजी के दो बड़े सुंदर स्वरूप आशीर्वाद देते हुए अंकित किए गए हैं। दोनों द्वार पर गज (हाथी) भी स्थापित किए गए हैं। ऊं और स्वास्तिक के चिन्ह द्वार की शोभा को बढ़ाते हुए दिखाई देंगे। द्वार का विधि विधान के साथ पूजन कर शुभ मुहूर्त में ये बाबा को अर्पित किया जाएगा। भोपाल के एक भक्त के द्वारा ये द्वार बाल हनुमानजी की सेवा में अर्पित किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com